

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-191 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 09 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# हरियाणा में भाजपा की हरियाली, कश्मीर में एनसी-कांग्रेस कूल-कूल

### भाजपा 50 सीटों पर आगे

**चंडीगढ़,8 अक्टूबर।** हरियाणा के रुझानों में बीजेपी जबरदस्त बहुमत के साथ जीत दर्ज कर रही है। वहीं कांग्रेस को 40 का आंकड़ा छूना भी मुश्किल हो गया है। अब रुझान भी परिणामों में बदल रहे हैं। बीजेपी के मंत्री अनिल विज अंबाला कैंट सीट से आगे हो गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी सीट पर बड़े अंतर से से आगे चल रहे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को भरोसा है कि वह लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता बरकरार रखने में कामयाब होगी, वहीं एग्जिट पोल के अनुमान से उत्साहित विपक्षी दल कांग्रेस भी 10 साल बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है।

लोकसभा चुनावों के बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच पहला बड़ा सीधा मुकाबला है। इस चुनाव के परिणाम का इस्तेमाल विजेता द्वारा अन्य राज्यों में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए किया जाएगा, जहां अगले कुछ महीनों में चुनाव होने हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव की जारी मतगणना के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हरियाणा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने एग्जिट पोल के समय ही कह दिया था कि कांग्रेस को दो दिन की खुशी मिली है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के रुझान आ रहे हैं, भाजपा की स्पष्ट बहुमत से तीसरी बार सरकार बनने जा रही है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस की 51 सीटों पर बढ़त

**श्रीनगर,8 अक्टूबर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के रुझानों के बीच बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है, उन्होंने साबित कर दिया है कि उन्हें 5 अगस्त को लिया गया फैसला मंजूर नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। आपको बता दें कि जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना है। मंगलवार को रुझानों में गठबंधन ने 90 में से 51 सीट पर बढ़त बना ली है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 28 सीट पर आगे है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा की झोली में अब तक दो - दो सीट आई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रुझानों के अनुसार, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) केंद्र शासित प्रदेश में दो सीट पर, सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस दो सीट पर जबकि निर्दलीय उम्मीदवार छह सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। रुझानों से पता चलता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 43 सीट पर आगे है जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस सात सीट पर आगे है। रुझानों में नेकां के उसके प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलने पर पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा, ''पारदर्शिता होनी चाहिए। जो भी हो, पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। जनादेश के साथ कोई धोखेबाजी नहीं होनी चाहिए। अगर जनादेश भाजपा के खिलाफ है, तो भाजपा को कोई जुगाड़ या अन्य कोई चाल नहीं चलनी चाहिए।

### राजनीति के अखाड़े में विनेश फोगाट की जीत



**चंडीगढ़,8 अक्टूबर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती पूरी हो चुकी है। सबकी निगाहें राज्य की सबसे हॉट सीट जुलाना पर टिकी थीं, जहां से कांग्रेस ने ओलंपियन विनेश फोगाट को मैदान में उतारा था। इस सीट पर विनेश फोगाट जीत दर्ज कर चुकी हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यहां से योगेश बैरागी को दंगल में उतारा था। पिछली बार इस सीट पर अमरजीत ने बीजेपी प्रत्याशी को हराकर जीत हासिल की थी। इस साल इस सीट पर बंपर वोटिंग हुई है। जुलाना सीट पर सभी 15 राउंड की गिनती पूरी हो चुकी है। विनेश फोगाट ने 6015 मतों से पहला चुनाव जीत लिया है। वहीं, भाजपा के योगेश कुमार 59065 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। विनोश को इस चुनाव में 65080 वोट मिले।

### कांग्रेस का 'हार अलाप' शुरू



कांग्रेस नेता जय राम रमेश ने कहा- लोक सभा नतीजों की तरह हरियाणा में भी चुनावी रुझानों को जानबूझकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर धीमे धीमे शेयर किया जा रहा है. क्या भाजपा प्रशासन पर दबाव बनाने की चेष्टा कर रही है। कांग्रेस नेता जय राम रमेश ने चुनाव आयोग से कहा कि वह नतीजों को तेजी से और सही तरीके से साझा करे, ताकि मतदाता और जनता का विश्वास बना रहे, जबकि राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी है. उन्होंने आगे कहा कि यह प्रक्रिया मतदाताओं के अधिकारों का हनन कर रही है और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रही है.

## संक्षेप

### नीचे माँ बम्लेश्वरी व शीतला मंदिर ज्योति कलश उठाने के लिए ज्योति बिल्ला का वितरण

**डोंगरगढ़,8 अक्टूबर।** क्वाँर नवरात्र के पर्व पर नीचे माँ बम्लेश्वरी व शीतला मंदीर के ज्योति का कलश का बिल्ला वितरण किया जाना है! समस्त भक्तजनों को सुचित किया जाता है कि श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित क्वांर नवरात्रि पर्व 2024 के अन्तर्गत 12 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा परम्परागत अनुसार पूर्व निर्धारित मार्ग से कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिन श्रृद्धालुओ नें नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में ज्योति कलश स्थापित किये है वे 10 अक्टूबर 2024 एवं 11अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संध्या 4 से संध्या 6 बजे तक ज्योति कलश उठाने का बिल्ला ज्योति कार्ड लाकर नीचे मंदिर कार्यालय से प्राप्त कर लेवें ।

### जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया

**सुकमा,8 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ भेज्जी थाना क्षेत्र के ग्राम पामलूर के जंगल-पहाड़ियों में हुई, जिसमें जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया. मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है. जानकारी के अनुसार, भेज्जी थाना क्षेत्रान्तर्गत नक्सलियों कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्यों के उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, 206 कोबरा, 208 कोबरा, 131 सीआरपीएफ और 212 सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ग्राम डब्बाकोंटा, एंटापाड़ बुर्कलंका, पामलूर, सिंघनमड़गू व आस-पास क्षेत्र की ओर ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी. ऑपरेशन के दौरान कल शाम ग्राम पामलूर के जंगल-पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में घटनास्थल से 1 पुरुष नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है. मुठभेड़ में मारे गए नक्सली के शव को शिनाख्तगी की कार्रवाई किया जा रही है. बता दें कि यह मुठभेड़ ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में सुरक्षा बलों ने दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में 31 माओवादियों को मार गिराया था, जिसे देश का सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन माना जा रहा है.

### होमगार्ड के पति की टांगी से हत्या

**कोरबा,8 अक्टूबर।** जिले के सिंगापुर इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. नगर सेना में कार्यरत महिला कर्मी के घर घुसे अज्ञात हमलावर ने उसके पति की बेरहमी से हत्या कर दी है. हत्यारे ने मृतक शिव प्रसाद कंवर के गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर टांगी से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतारा है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, मृतक शिव प्रसाद कंवर ( 46 वर्ष) का शव घर के अंदर खून से लथपथ मिला. घटना के समय पत्नी सुक्रिता सिंह कंवर, जो नगर सेना में पदस्थ हैं, वह ड्यूटी पर थीं और शिव प्रसाद घर पर अकेला था. इस निर्मम हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. वहीं घटना स्थल पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया है.

### प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने वायुसेना दिवस पर वायु योद्धाओं को दी बधाई

**नई दिल्ली ,8 अक्टूबर ।** आज का दिन, यानी 8 अक्टूबर भारतीय वायुसेना के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। आज के दिन ही साल 1932 में भारतीय वायुसेना की स्थापना हुई थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वायु सैनिकों को शुभकामनाएं दी।

## हरियाणा में पिछड़ते ही चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली,8 अक्टूबर।** हरियाणा में मतो की गिनती में देरी और डाटा अपडेट में देरी का आरोप लगाता हुए कांग्रेस चुनाव आयोग पहुंच चुकी है। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी, जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अनुरोध किया गया कि वह अपने अधिकारियों को वेबसाइट को सच्चे और सटीक आंकड़ों के साथ अपडेट करने के लिए तत्काल निर्देश जारी करें ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण आख्यानों का तुरंत मुकाबला किया जा सके। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर डाटा नहीं अपलोड करने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस का दावा है कि जानबूझकर चुनाव आयोग डाटा अपलोड नहीं कर रहा है। हालांकि, भाजपा ने इसको लेकर पलटवार किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर जयराम रमेश ने अभी से यह कहना शुरू कर दिया है और चुनाव आयोग पर उंगली उठानी शुरू कर दी है तो हमें समझ लेना चाहिए कि उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि जो रुझान चल रहे हैं, उससे मुझे लगता है कि हम एक अहम जीत की ओर बढ़ रहे हैं और कांग्रेस ने अपनी भावी हार के लिए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इससे पहले जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि लोक सभा नतीजों की तरह हरियाणा में भी चुनावी रुझानों को जानबूझकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर धीमे धीमे शेयर किया जा रहा है। क्या भाजपा प्रशासन पर दबाव बनाने की चेष्टा कर रही है? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार गिनती किए गए राउंड की वास्तविक संख्या और टेलीविजन पर दिखाए जा रहे राउंड की संख्या में अंतर है। उन्होंने कहा कि ईसी डेटा पीछे चल रहा है, वे अभी भी चौथा या पांचवां पाया गया डेटा दिखा रहे हैं जबकि 11 राउंड की गिनती हो चुकी है। हमारे महासचिव संचार ने चुनाव आयोग को ट्वीट कर पूछा है- डेटा के प्रदर्शन और अपलोडिंग में देरी करके स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आपको हर राउंड की गिनती के साथ लाइव डेटा मिल रहा है लेकिन हरियाणा में ऐसा नहीं है। कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि हमें इसके बारे में पता था और ऐसा होना ही था।




## ट्रैक्टर ने बच्चे को रौंदा,चक्काजाम

**बलौदाबाजार,8 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में अवैध रूप से रेत परिवहन करते ट्रैक्टर ने बच्चे को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजन और ग्रामीण काफी आक्रोश हो गए हैं। परिजनों का कहना है कि जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक शव को नहीं उठाया जाएगा। साथ ही उन्होंने अवैध तरीके से रेत खनन को बंद कराने की मांग की है। दरअसल यह पूरी घटना पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरी की है। अवैध खनन के कारण 8 साल के मासूम को ट्रैक्टर ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद से प्रशासन के ऊपर ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया। उचित कार्रवाई करने और मुआवजे की मांग को लेकर गांव में चक्का जाम कर दिया। पहले तो ग्रामीणों ने शव को लेने से मना कर दिया था लेकिन प्रशासन की समझाइश के बाद परिजन मान गए हैं। परिजनों की मांग है कि, उन्हें 50 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाए। इस घटना के बाद से ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हैं। वहीं



आनन फानन में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी और कार्रवाई करने की सहमति दी। वहीं मुआवजा मिलने के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने शव को उठाकर ले जाने की मंजूरी दी। मौके पर पुलिस विभाग के आलाधिकारी सहित राजस्व विभाग के तहसीलदार ,खनिज विभाग के जिला निरीक्षक भूपेंद्र भगत और पंचायत सहित आसपास के जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। गांव में महीनों से अवैध रेत खनन का काम चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से 5 किमी. दूर ग्राम मुड़ियाडीह में महानदी से रोज सैंकड़ों गाड़ियां अवैध रेत लेकर गांव की सकरी गलियों से निकलती है। इसकी सूचना कई बार प्रशासन को दी गई, लेकिन इसके बावजूद खनिज विभाग राजस्व विभाग के अधिकारी आते है और देखकर चले जाते है। ग्रामीणों ने तो यह भी आरोप लगाया कि अवैध खनन पर विभाग के कुछ अधिकारी गाड़ी वालों से पैसा लेकर छोड़ देते हैं। इतने दिनों से अवैध उत्खनन होने के बावजूद प्रशासन क्यों आंख मूंदे बैठे रहा। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि इसमें वन विभाग की जिम्मेदारी भी बनती है। रेत तस्कर ग्राम अमेठी से मुडियाडीह तक जंगल के अंदर पेड़ काटकर 1 किलोमीटर लंबा रास्ता बना लिए है। उत्खनन महीनों से चल रहा है इसके बाद भी वन विभाग को इसकी जानकारी ना होना विभाग पर सवालिया निशान खड़े करता है। इसमें वन विभाग और खनिज विभाग दोनों जिम्मेदार है।

## नक्सली गोली की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें: सीएम साय

**रायपुर, 8 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मिले। उन्होंने मुलाकात के अवसर पर प्रधानमंत्री को जनसेवा के शानदार 23 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी।मुख्यमंत्री श्री साय ने मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर 2001 को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। आज उनके मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 23 साल पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मोदी जी की गारंटी पर तेजी से किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। इसके साथ ही प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों की बैठक के संबंध में भी बताया। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, डीजीपी आदि उपस्थित थे। बैठक में विस्तार से अच्छी समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 महीने में लगातार नक्सल-आतंकवाद के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई। इस लड़ाई में डबल इंजन की सरकार होने का लाभ भी मिला।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस दौरान बहुत से मुठभेड़ हुए जिसमें सुरक्षा बलों के जवानों ने 194 नक्सली मार गिराए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बल लगातार साहस दिखा रहे हैं। हम उन्हें बधाई देते हैं और उनके साहस को नमन करते हैं। 9 महीने के अंदर 801 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है और 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उन्हें अच्छी सुविधा प्रदान करें। पुनर्वास नीति को बेहतर करने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अनेक राज्यों का दौरा किया। वे हाल ही में असम गये, वहां की पुनर्वास नीति भी देखी। हम उन्हें अच्छी से अच्छी सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नक्सली गोली की भाषा छोड़कर आत्मसर्पमण करें और विकास की मुख्यधारा से जुड़े।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दो दिन पहले ही हम बीजापुर गये थे वहां 70 लोगों को नियुक्ति पत्र देकर आये हैं जो नक्सल पीड़ित परिवारों से हैं। पहले भी नियुक्ति पत्र हमने सौंपा है।



## डोंगरगढ़ की घटना के बाद प्रशासन हाई अलर्ट पर

**रायपुर,8 अक्टूबर।** नवरात्र के दौरान मंदिरों में भीड़ को देखते हुए डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डोंगरगढ़ में हुई घटना पर खेद जताते हुए कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा गया है। ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो। साथ ही राज्य पुलिस को एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। गृहमंत्री के निर्देश के बाद राज्य पुलिस द्वारा अतिरिक्त बल की तैनाती की जा रही है। साथ ही कड़ी चौकसी बरती जा रही है। बता दें कि नवरात्र में शनिवार को डोगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने के लिए धमतरी के ग्राम बागतराई की सोनिया साहू की अफरा-तफरी के माहौल में नीचे गिरने और दम घुटने से मौत हो गई। डोंगरगढ़ में हुई घटना के बाद रतनपुर स्थित मां महामाया और दंडेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं।

## मुखबिरी का आरोप लगाकर ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर,8 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लाल आतंक के खिलाफ जवानों को लगातार कामयाबी मिल रही है. जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सली कायराना करतूत को अंजाम दे रहे हैं. इस बीच बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक निर्दोष ग्रामीण की हत्या कर दी है. माओवादियों ने ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा है. यह मामला भोपालपटनम् थाना क्षेत्र के पोषणपल्ली गांव का है. जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 55 वर्षीय कन्हैया ताती पिता हुंगा ताती के रूप में हुई है. हत्या के बाद



नक्सलियों ने शव को दुब्बापारा पोषणपल्ली पुराना स्कूल के पास फेंक दिया. घटना स्थल पर ग्रामीण की लाश के पास नक्सलियों का पर्चा भी मिला है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं पुलिस ने घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है.

## युवक ने तंत्र-मंत्र का झांसा देकर कई लड़कियों की लूटी आबरू

**कवर्धा,8 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में तंत्र-मंत्र का झांसा देकर एक युवक ने आधा दर्जन से ज्यादा युवतियों से शारीरिक संबंध बनाया है. पीड़िता की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है. बताया जा रहा कि आरोपी खुद को हिंदू बताकर हिंदू लड़कियों को अपना शिकार बनाता था. उसने राजू सिंग के नाम से फर्जी आधार कार्ड भी बनाया है, जबकि आरोपी का नाम साहिल खान है. कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ लव जिहाद, बलात्कार समेत कई मामले दर्ज हैं. उसने जादू टोना सिखाने के नाम पर युवकों के साथ भी लाखों रुपए की ठगी की है. पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने मध्यप्रदेश रवाना हो गई है. जानकारी के मुताबिक, पीड़िता के पति राहुल तिवारी 307 के मामले में बिलासपुर जेल में ढाई वर्षों से जेल में बंद है. अपने पति को छुड़वाने के लिए वह बहुत प्रयास कर रही है. इसी दौरान साहिल खान से उनकी मुलाकात हो गई. पीड़िता और आरोपी साहिल खान के बीच 6 माह पहले अमलीडीह गांव के चाय टापरी में मुलाकात हुई थी. साहिल खान अपने आपको हिंदू बताया था लेकिन वह मुसलमान है.

पीड़िता से आरोपी ने तंत्र-मंत्र के माध्यम से उनके पति को जेल से छुड़वाने की बात कही. इस दौरान लड़की ने आरोपी की बातों में आ गई और मंत्र का जाप करने लगी. इस दौरान आरोपी ने जब तक शारारिक संबंध बनाएगी तब तक मंत्र काम नहीं करने की बात कही. महिला ने पति को जेल से रिहा करने आरोपी साहिल से शारारिक संबंध बनाए.

मोटी रकम भी दी. फिर धर्मांतरण करने कहा. पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने एक ही महिला नहीं, तंत्र-मंत्र सिखाने के नाम पर दर्जनों लड़कियों से संबंध बनाया है. पीड़िता ने कल देर रात सिटी कोतवाली थाने में मामले की शिकायत की. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपी को पकड़ने के लिए टीम मध्यप्रदेश रवाना हो गई है. इस मामले में थाना प्रभारी लालजी सिन्हा का कहना है, पुलिस मामले की जांच कर रही है. बहुत जल्द आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा.

## मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल,8 अक्टूबर।** भारतीय सेना, असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा 4 से 6 अक्टूबर तक मणिपुर के कई जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया। चूराचांदपुर, काकचिंग और थौबल जिलों में गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान समेत कुल 18 हथियार बरामद किए गए। 4 अक्टूबर को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर में एक अभियान



चलाया, जिसमें एक 9 एमएम पिस्तौल, पांच सिंगल बैरल राइफल और पांच इम्प्रोवाइज्ड भारी मोर्टार बरामद किए गए। अगले दिन खुफिया जानकारी के आधार पर काकचिंग जिले में एक संयुक्त अभियान में तीन कार्बाइन मशीन गन, एक 9 एमएम पिस्तौल, दो सिंगल बैरल राइफल, हैंड ग्रेनेड और युद्ध के सामान बरामद किए गए। मणिपुर के काकचिंग और थौबल जिलों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया है। सोमवार को पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने पांच अक्टूबर को काकचिंग जिले के वबागई नतेखोंग तुरेनमेई इलाके में तलाशी अभियान के दौरान मैगजीन के साथ तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल और नौ मिमी की पिस्तौल, दो सिंगल बैरल बंदूकें, 14 ग्रेनेड, एक 51 मिमी का मोर्टार, दो एमके-तृतीय ग्रेनेड, 4.755 किलोग्राम विस्फोटक आईईडी का एक संदिग्ध कंटेनर जब्त किया। थौबल जिले के चिंगखम चिंग इलाके में शनिवार को एक अन्य अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक एसएमजी कार्बाइन, मैगजीन और एसएसबीएल के साथ एक .32 पिस्तौल जब्त की।

# सड़क दुर्घटना को रोकने घुमन्तू पशुओं की धरपकड़ जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान के तहत सड़क पर आवारा सड़क में बैठने वाले पशुओं की धरपकड़ निरंतर जारी है। रोका छेका अभियान की पुरी टीम सुबह सड़को पर काउकेचर की गाड़ी लेकर पहुंच जाते हैं । प्रतिदिन देखा जाता है कि पशु मालिको द्वारा सुबह अपने पशुओ का दुध निकालकर उन्हे खुला छोड़ देते हैं। जिससे पशु इधर-उधर घूमते सड़को के बीच में आकर खड़े एवं बैठ जाते हैं। जिससे यातायात प्रभावित होता है। आने जाने वाले लोगो को पशुओ से टक्कर होकर गिरने का खतरा बना रहता है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल के निर्देश पर निगम आयुक्त हितेश पिस्दा ने रोका छेका के नोडल अधिकारी को अनिल सिंह को आदेशित किये हैं कि त्योहारी सीजन चालू हो गया है, जिससे सड़को पर भीड़ भाड़ अधिक हो रही है। माता बमलेश्वरी के दर्शन के लिए तीर्थयात्री



भी जा रहे हैं । हमें सबके सुरक्षा का ध्यान रखना है। पशुओ के सड़को के बीच बैठे एवं आपस मे लड़ते रहने से यातायात प्रभावित हो रही है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रोका छेका की टीम सुबह एवं दोपहर 2 पाली में काउकेचर गाड़ी लेकर शहर के हर क्षेत्र में पशुओ को पकड़ने का कार्य कर रही है। पकड़े गये पशुओ को कोसानाला गौठान एवं डी मार्ट के पास गौठान में रखा जा रहा है।

जहां पशुओ के लिए हरा चारा, पानी एवं चिकित्सा उपचार की सुविधा भी की जाती है। साथ ही पकड़े गये पशुओ के गले में रेडियम पटटी भी लगाया जा रहा है। जिससे वाहन चालक को पशु दुर से ही दिख जाए और वाहन चालक सतर्क हो जाए। जिससे होने वाले सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। अभियान के दौरान नोडल अधिकारी अनिल सिंह, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, बालकृष्ण नायडू एवं तोड़फोड़ दस्ता प्रमुख हरिओम गुप्ता अपने दल के सदस्यो के साथ जानवरो को पकड़ने का कार्य निरंतर कर रहे हैं।

एक नजर

## अष्टभुजाधारी दुर्गा मां की अष्ट शक्तियां सभी में विद्यमान : ब्रह्माकुमारी



**भिलाई, 8 अक्टूबर।** तीन बार ओम की ध्वनि उच्चारण के साथ ब्रह्मांड की समस्त शक्ति से जुड़कर नवरात्रि के रूप में कन्या द्वारा नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में चैतन्य देवियों की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिसमें एक के बाद एक चैतन्य देवियों का विशाल पर्वत एवं गुफाओं से प्रकट होकर जड़ मूर्ति के रूप में स्थिर होकर भक्तों को दर्शन दे उन्हें शांति और दिव्यता की अनुभूति करा रही है। सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल, डॉ पीयूष गोयल, मुखोपाध्याय (ई डी प्रोजेक्ट, भिलाई इस्पात संयंत्र), पंकज त्यागी, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी द्वारा झांकी का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। अष्टभुजा धारी दुर्गा मां की अष्ट शक्तियां (समाने की शक्ति, सहन करने की शक्ति, सामना करने की शक्ति, समेटने की शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय लेने की शक्ति, सहयोग करने की शक्ति,विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति) हम सभी में मां के रूप में विद्यमान है। हमारे अंदर की हर शक्ति हमारी मां है। यह सन्देश मूर्ति रूप में विराजित चैतन्य देवियाँ दे रही हैं। यह झांकी 11 अक्टूबर तक सर्व के निशुल्क दर्शनार्थ प्रतिदिन शाम को 06-30 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी।

## सेल और बीएचपी ने डीकार्बोनाइजेशन के समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और बीएचपी के बीच स्टीलमेकिंग डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गया है। इस समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों पक्ष पहले से ही सेल के ब्लास्ट फर्नेस संचालन करने वाले एकीकृत इस्पात संयंत्रों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी) को कम करने की दिशा में विभिन्न रणनीतियों का आकलन करने वाले शुरुआती अध्ययन के साथ संभावित डीकार्बोनाइजेशन के अनुकूल विभिन्न वर्कस्ट्रीम्स की खोज कर रहे हैं। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा, सेल बीएचपी के साथ इस समझौते को टिकाऊ तरीके से स्टील उत्पादन के विकास की दिशा में भविष्य की ओर एक बढ़ते कदम के रूप में देख रहा है। इस्पात क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं के साथ लेकर चलने की उभरती हुई आवश्यकतों पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। सेल भारत में इस्पात उद्योग के लिए एक इनोवेटिव भविष्य को बढ़ावा देने के जरिये जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटने में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।।ॉ

## राजहरा माइंस चिकित्सालय में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** मिशन लक्ष्मी के



अंतर्गत महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन राजहरा माइंस चिकित्सालय में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी व डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। परीक्षण शिविर में डॉ प्रिया साहू, डॉ मनोज डहरवाल, डॉ अरमाना, डॉ योगेश, डॉ मनीषा, डॉ अजय, श्रीमती लता मिश्रा, श्रीमती सरिता चैधरी, श्रीमती विद्यावती सहारे के नेतृत्व में नर्सिंग स्टाफ तथा ठेका श्रमिकों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। वरिष्ट प्रबंधक नितेश छत्री, उप प्रबंधक डॉ जय सिंग बघेल, शैलेश पटनायक, आनंद बोरकर तथा उनकी टीम के विशेष सहयोग से मिशन लक्ष्मी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लता मिश्रा द्वारा किया गया।

## दंपती पर एक और मामला दर्ज

भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाला थाना अंतर्गत आरोपी दंपती खेलवार और उसकी पत्नी भारती खेलवार के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है इसमें प्रार्थी को पुलिस इंस्पेक्टर बनाने का झांसा देकर 9 लाख रुपए ठग लिया गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420,120 बी, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मरार पारा वार्ड 5 दुर्ग निवासी सचिन कुमार टांडिया (29 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह बेरोजगार है ग्राम मोहंदी निवासी रेखराज खेलवार एवं उसकी पत्नी भारती खेलवार ने सीजीपीएससी के माध्यम से लेबर इंस्पेक्टर के पद पर सरकारी नौकरी लगाने के नाम से कुल 9 लाख रुपए ले लिए, लेकिन अब तक न उसकी नौकरी लगी और न ही आरोपियों ने पैसे वापस करे। इस पर थाने पहुंचकर उसने रिपोर्ट दर्ज करा दी।

## युवोदय स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश

**दुर्ग, 8 अक्टूबर।** जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवक दल द्वारा नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पाटन ब्लॉक के मुख्य चौक से की गई, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और युवा इस नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए एकत्रित हुए।

## नशामुक्ति थीम पर आयोजित भाषण, रंगोली, चित्रकला, निबंध स्पर्धा में आशीष,बसंत,पूजा,भूमिका रहे प्रथम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 अक्टूबर।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम तथा नशामुक्ति के लिए महाविद्यालीयन विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, (पी.जी.कॉलेज) कवर्धा में ''नशामुक्ति थीम'' पर भाषण, चित्रकला, रंगोली तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आशीष श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, लालाराम एवं कु.संतोषी यादव ने द्वितीय स्थान एवं अंचल गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में बसंत देवांगन ने प्रथम स्थान, सुनील जायसवार ने द्वितीय स्थान एवं मुकेश मारकंडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, चित्रकला प्रतियोगिता में कु.पुजा साहू ने प्रथम स्थान, कु.भुमिका घठोले ने द्वितीय स्थान एवं कु.विजेता वैष्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता में कु. भुमिका घठोले ने प्रथम स्थान, कु.संतोषी यादव एवं कु.पुजा साहू ने द्वितीय स्थान तथा कु.भारती एवं समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता प्रतिभागियों को उपसंचालक, समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बी.एस.चौहान, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कविता कन्नौजे, डॉक्टर रिचा मिश्रा , सहायक प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग एवं समस्त स्टॉफ, विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, प्रोफोसरों, अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नशामुक्ति के लिए शपथ लिया गया।

## गांजा बेचती महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 8 अक्टूबर।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी गनेशिया बाई (34 साल ) को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है आरोपित महिला अपने घर पर ही गांजा का अवैध कारोबार करती थी धमधा टीआई पीडी चन्द्रा ने बताया कि जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम गांव पहुंची और आरोपित गनेशिया बाई के पास से चार किलो 722 ग्राम गांजा जब्त किया वो अपने घर पर ही गांजा की पुड़िया बनाकर लोगों को बेचती थी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।



**कवर्धा।** गांवों और शहरों में मां दुर्गा की मूर्ति को देखने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे है । पायल चंद्राकर और कनक ने कहा की मां दुर्गा की पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है ।



**साजा।** मां महामाया मंदिर आरती में श्रद्धालुओं का तांता



भिलाई, 8 अक्टूबर। आम्रपाली क्लब में डांडिया की धूम।

धान



**कवर्धा।** साजा विधानसभा में गांव खपरी के कृषक सेवा राम निर्मलकर के खेतों में दिखी धान की अच्छी फसल।

## चार वर्षो से हर रविवार को रामचरित मानस पाठ



**कवर्धा, 8 अक्टूबर।** राजपूत छत्रिय अखण्ड श्री राम चरित् मानस पाठ ठाकुर पारा कवर्धा द्वारा 26 अप्रेल 2020 से निरंतर हर रविवार को राम चरित् मानस पाठ किया जा रहा है ।¬ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राज राजेश्वरी माता महाकाली मन्दिर प्रगाण ठाकुर पारा कवर्धा में किया जा रहा है।

## बच्चों ने बताया कि वह क्या बनना चाहते हैं?



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 सितंबर।** सपनों की दुनिया में जब बच्चों से उनके भविष्य की बात की जाए, तो उनके मासूम जवाब दिल छू जाते हैं। वैष्णवी मिश्रा का मानना है कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चों को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उसने कहा, ÷मुझे हमेशा से बच्चों को पढ़ाने और उनकी मदद करने का मन करता है। मैं अपने जैसे और बच्चों को पढ़ा-लिखाकर उनके सपनों को पूरा करने में मदद करना चाहती हूं।÷ दूसरी तरफ, छोटी सी प्यारी बच्ची वैभवी मिश्रा का सपना कुछ अलग है। पांच साल की नन्हीं वैभवी बड़े होकर डॉक्टर बनना चाहती है। उसकी आंखों में अपने सपने को लेकर एक खास चमक है। वैभवी ने मुस्कुराते हुए बताया, ÷मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं, ताकि बीमार लोगों का इलाज कर सकूं और उन्हें ठीक कर सकूं।÷ उसके इस मासूम से जवाब ने सभी का दिल जीत लिया। वह अपनी बातों से ही बता देती है कि उसके मन में दूसरों की मदद करने की कितनी गहरी भावना है। । बच्चों के इन मासूम सपनों ने हर किसी को इमोशनल कर दिया। राघवेश अग्रवाल ने बताया की आर्मी बनकर देश की सेवा करूंगा और अयांश प्रधान ने बताया की बड़ा होकर कलेक्टर बनूंगा । वेदांत दुबे ने बताया की मेरा सपना डॉक्टर बनना है । रामकृष्ण स्कूल के छात्र कान्हा मिश्रा ने कहा की मेरा सपना है डॉक्टर बनकर गांव में अच्छे से लोगो का इलाज कर सकूं । बच्चो से बात करके ऐसा लगता है उनके सपने जरूर साकार होंगे ।

## मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी के एन कांडे के बनने पर जिले में हर्ष



**कवर्धा, 8 अक्टूबर।** सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी के एन कांडे बनने से जिले में हर्ष व्याप्त हो गई है । एपेक्स बैंक के एम डी के पद पर भी है उन्हे सहकारिता मंत्री के ओएसडी पद पर अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने से किसानों और नागरिकों में खुशी की लहर दिखी जा रही है । भोरम देव शक्कर कारखाना के एम डी पद पर रहकर सादगी पूर्ण व्यवहार और विनम्रता के कारण किसानों में तारीफ होती थी और किसानों के लिए हमेशा सोचते थे जिस कारण साजा और कवर्धा के किसानों ने भी सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी के एन कांडे के बनने पर खुशी की लहर दिख रही है ।

## बीएसपी ने अप्रैल से सितंबर अवधि में दर्ज किया सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

**भिलाई, 8 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही अप्रैल से सितंबर 2024 अवधि में उत्पादन और तकनीकी-अर्थशास्त्र में नए रिकॉर्ड बनाए हैं। संयंत्र ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी एच1 अवधि में दर्ज 23,13,803 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 23,16,659 टन फिनिश स्टील उत्पादन दर्ज किया। संयंत्र ने उत्पादन के कई अन्य क्षेत्रों में भी अप्रैल से सितंबर अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। अप्रैल से सितंबर की अवधि में बार एंड रॉड मिल ने 4.81 लाख टन का अब तक का



सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज कर वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि अप्रैल से सितंबर में दर्ज 4.63 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार किया। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल से सितंबर 2024 में कास्ट स्टील का उच्चतम उत्पादन 1.71 मिलियन टन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.69 मिलियन टन को पार किया। इसमें अब तक का सर्वश्रेष्ठ कास्ट बिलेट उत्पादन 1.15 मिलियन टन शामिल है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में दर्ज 1.12 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से अधिक है। अप्रैल से सितंबर अवधि में 260 मीटर लंबी रेल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.91 लाख टन उत्पादन दर्ज किया, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.72 लाख टन से कहीं अधिक है। यूनिवर्सल रेल मिल और रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल दोनों ने मिलकर कुल प्राइम रेल उत्पादन 5.95 लाख टन दर्ज किया। इसके साथ वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.94 लाख टन को पार कर लिया गया। भारतीय रेलवे हेतु 260 मीटर लंबी रेल की कुल लोडिंग 4.89 लाख टन की गई। टेक्नो-इकोनॉमिक्स के क्षेत्र में, अप्रैल-सितंबर अवधि के लिए संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों द्वारा 137 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल का उच्चतम कोल डस्ट इंजेक्शन दर दर्ज किया गया।

## राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक


**दुर्ग, 8 अक्टूबर ।** दुर्ग जिले में प्रचलित 4,68,073 राशनकार्डों के नवीनीकरण एवं राशन कार्ड से संलग्न सभी 17,11,668 सदस्यों का अनिवार्य रूप से राशन दुकानों में जाकर ई-केवाईसी करने के निर्देश हैं। शासन द्वारा राशनकार्डधारियों एवं सभी सदस्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निकट के किसी भी राशन दुकान में अपना राशनकार्ड एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी ले जाकर अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण कराने की सुविधा दी गई है। इसी प्रकार राशन कार्ड के सदस्य जहां भी निवास करते हो वहां के निकट के राशन दुकान में अपने परिवार के राशन कार्ड एवं अपने आधार की कॉपी ले जाकर दुकान के ई-पॉस मशीन से संलग्न मार्को डिवाइस में अपनी अंगुली चिन्ह का प्रमाणीकरण द्वारा अपना ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं। ई-केवाईसी का कार्य यदि सदस्य अन्य प्रदेशों में या अन्य जिलों में भी निवास करते है तो वहां के राशन दुकान में जाकर उपरोक्त तरीके से ई-केवाईसी पूर्ण करवा सकते है। जिले में वर्तमान में 61657 राशनकार्डधारियों द्वारा अब तक अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया गया है तथा 3,39,324 सदस्यों द्वारा अपना ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराया गया है।

## त्योहार के मद्देनजर जिला,निगम प्रशासन एवं पुलिस ने की तैयारी, पार्किंग स्थल तय

दुर्ग । त्योहारी सीजन में बाजार में होने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस व निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठकर रणनीति बनाई।नगर निगम व पुलिस ने दुर्ग मार्केट के लिए व्यवस्था बनायेगी।

## निधन

### पं राम शंकर शुक्ल



**भिलाई, 8 अक्टूबर।** ढांचा भवन, कुरुद निवासी पंडित राम शंकर शुक्ल उम्र 99 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया है। अन्तिम यात्रा आज 8 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे शुक्ल निवास वर्ल्ड बैंक कॉलोनी, ढांचा भवन कुरुद से रामनगर मुक्तिधाम को निकाली गयी। दिवंगत पं राम शंकर शुक्ल, स्वदेश शुक्ल एवं जयेश कुमार शुक्ल के पिताश्री थे।

## एक नजर

### स्मार्ट टीवी वितरण किया



**राजनांदगांव 8 अक्टूबर।** जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द में स्मार्ट टी वी भोथीपार खुर्द उसडीबोड आलीखुटा रानीतरई ढोडिया भोडिया के वितरण किया जिसमें पूर्व जनपद सदस्य एवं जनपद प्रतिनिधि योगेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव ने जनपद निधि एवं 15वे वित्त से आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों शिक्षा के साथ साथ कहानी अन्य जानकारी सरलता मिले तथा राज्य शासन के शिक्षा विभाग से स्मार्ट टीवी के माध्यम सारी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं जिसके लाभ क्षेत्र बच्चों को मिले जिससे सरल भाषा लिखने पढ़ने अन्य जानकारी सरलता सीख सकें जिसके कारण दिया जा रहा है योगेन्द्र वैष्णव के साथ में भोथीपार खुर्द युवा कांग्रेसी धर्मेन्द्र साहु सरपंच दिव्या केशव हिरवानी उपसरपंच अशोक कुमार साहु ढोडिया सरपंच दिललु साहु रानीतरई सरपंच डां राजेन्द्र साहु सचिव ओमलाल साहू रोजगार सहायक परमानंद नेताम आपरेटर सत्यवती ठाकुर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

### सदस्यता रथ को भाजपाइयों ने पार्टी के झंडे दिखाकर किया रवाना



**छुरिया 8 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा द्वारा भेजे गए सदस्यता रथ का कमल झंडे दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से चंद्रिका प्रसाद डडसेना,उपाध्यक्ष जिला भाजपा,संजय कुमार सिन्हा महामंत्री, खिलेश्वर साहू महामंत्री,अमीर खान,बालोक मिश्रा,कांता साहू, भाजयुमों उपाध्यक्ष जिला भाजपा,हिरेंद्र साहू,सोहन साहू ,मनोज साहू,शानू यादव,नामदेव साहू,अशोक सेन,सोनू कसेर उपस्थित रहे ।

### नगर पालिका आम निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**राजनांदगांव 8 अक्टूबर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगर पालिका निर्वाचन के तहत नगर पालिका आम निर्वाचन 2024-25 के लिए नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव, नगर पंचायत छुरिया एवं नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ श्री मनोज कुमार मरकाम को रिटर्निंग आफिसर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ श्री चन्द्रकांत शर्मा को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत डोंगरगांव के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम को रिटर्निंग आफिसर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री विनम्र जेमा को सहायक रिटर्निंग आफिसर, नगर पंचायत छुरिया के लिए तहसीलदार छुरिया श्री विजय कुमार कोठारी को रिटर्निंग अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी छुरिया श्री लालबहादुर सिंह को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नगर पंचायत लालबहादुर नगर के लिए तहसीलदार श्री नीलकंठ जनबंधु को रिटर्निंग अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वनिश दुबे को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पुलिस ने 3 लोगों को अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा

**डोंगरगांव 8 अक्टूबर।** 6 अक्टुबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 05.10.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस ने मुखबीर सूचना के तस्दीकी पर रेड कार्यवाही के दौरान आरोपियों के पास से सफेद रंग के तीन बोरीयों मे कुल 390 नग पौवा मिला जिस पर देशी प्लेन शराब युनिक छ0ग0 निर्मित , लिखा हुआ ,सीलबंद प्रत्येक मे 180द्व्य कुल जुमला 70.200 लीटर भरा हुआ , सफेद रंग तरल द्रव्य पदार्थ , जुमला कीमती 35,100/- रूपये एवं दो नग मोटर सायकल पल्सर क्रमांक ष्ट्त08ङ्क5199 कीमती 40,000/- रूपये एवं मोटर सायकल पैशन प्रो क्र0 ष्ट्त08स्2823 लालरंग कीमती 20000/- रूपये, एक नग धारदार चाकु स्टील का बटनदार को कुल जुमला कीमती 95100/- रूपये को जप्त किया।

### निधन

#### तेजबती साहू

**राजनंदगांव ।** ग्राम टेड़ेसरा निवासी तेजबती साहू ( 95 वर्ष ) का 07 अक्टूबर दिन सोमवार समय शाम 3:30 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास स्थान ग्राम टेड़ेसरा से 10:00 बजे निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम टेड़ेसरा में स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू के माता जी थे।



# महिला की मौत के बाद अब भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़ 8 अक्टूबर।** दबने की घटना के बाद शासन प्रशासन से लेकर ट्रस्ट मंडल की साँसे फूली हुई नजर आ रही हैं! तो दबने की घटना के बाद से जिले के सक्षम अधिकारियों के द्वारा तरह तरह के आदेश देकर भीड़ को नियंत्रित करने का कार्य तेज कर दिया गया है परंतु यक्ष प्रश्न खड़ा हो रहा है कि शुक्रवार और शनिवार की रात जो घटना घटी थी क्या उसे रोका जा सकता था जैसे सवाल किए जा रहे हैं! ज्ञात हो कि शुक्रवार शनिवार की रात वीआईपी मोमेंट के साथ साथ एकाएक अनुमान से अधिक दर्शनार्थीयों का जनसैलाब उमड़ गया था और सक्षम अधिकारी इसको लेकर कोई दिशा निर्देश देते उससे पहले ही ऊपर माँ बम्लेश्वरी सीढ़ी मार्ग में एकाएक बेरीकेटिंग से दर्शनार्थीयों की भीड़ को छोड़ा गया जिसमें तीन दर्जन के लगभग दर्शनार्थी धक्कामुक्की के कारण नीचे गिर गए! नीचे गिरे हुए दर्शनार्थी अपने आप को संभाल पाते इससे पहले ही पीछे की भीड़ दर्शनार्थीयों को कुचलते हुए आगे बढ़ने लगी जिसके कारण सोनिया साहू उम्र 36 वर्ष पति मदन साहू निवासी धमतरी बागतराई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी! लगभग 03 दर्जन के आसपास दर्शनार्थी घायल हो गए थे! घायलो की अलग अलग जगहों पर उपचार करने के बाद छोड़ दिया गया था! गंभीर रूप से घायल दर्शनार्थी व मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शनिवार को लगभग 03 बजे स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया! गंभीर रूप से घायल दर्शनार्थी को बेहतर ईलाज के लिए पेंड्रि भेजा गया तो दूसरी ओर मृतक श्रीमती साहू की जांच के बाद डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया जिसका पोस्टमार्टम के बाद जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में शव को परिजनों को सौंपकर रवाना किया गया था! घटना के बाद मौके पर उपस्थित दर्शनार्थीयों में यह जमकर चर्चा चल रही थी कि प्रशासन एवं ट्रस्ट मंडल के लापरवाही के कारण यह घटना घटी है! चार्चाओ पर विश्वास करें तो माँ बम्लेश्वरी के इतिहास में इस प्रकार की घटना पहली बार घटी है जो प्रदेश सरकार के लिए जांच का विषय हो सकता है परंतु इस घटना के बाद से उच्च अधिकारी के द्वारा दर्शनार्थीयों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डोंगरगढ़ पहुँचने वाले सभी प्रमुख मार्गो पर जगह जगह वाहनों को रोककर हिदायत और समझाईश दी जा रही है कि दर्शन लाभ लेने के लिए हड़बड़ी ना करें! शांति से माता के दरबार पहुँचे! रास्ते में कहीं पर ऐसी स्थिति निर्मित हो तो दर्शनार्थीयों को सहयोग करें! तो घटना की रात दर्शनार्थीयों का जनसैलाब इस प्रकार उमड़ पड़ा था कि एकाएक कई स्थानों पर अघोषित पार्किंग खोलकर सड़क मार्ग से आने वाले दर्शनार्थीयों को कई किलोमीटर पहले वाहन को रोककर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया!

### रेलमार्ग से पहुँचे 2 लाख से अधिक दर्शनार्थी!

क्वाँर नवरात्र के दौरान इस वर्ष 03 अक्टूबर से लेकर 07 अक्टूबर को सुबह 08 बजे से 02 लाख से अधिक दर्शनार्थी रेलमार्ग से पहुँचने की सूचना मिली है! इसको लेकर मुख्य स्टेशन प्रबंधक गुरुचरण शेट्ठी व मुख्य वाणिज्य निरीक्षक निरजंन सिंह से चर्चा करने पर बताया कि क्वाँर नवरात्र के प्रथम दिन से ही 07 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे तक 02 लाख से अधिक दर्शनार्थी माता के दरबार दर्शनार्थ पहुंचे है जो पिछले वर्ष के रिकार्ड से दुगना से अधिक है! दर्शनार्थीयों की बढ़ती भीड़ को देखकर किसी प्रकार की अनहोनी घटना को रोकने के उदेश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पैसेन्जर एवं एक्स्प्रेस ट्रेनों का स्टापेज 02 मिनट निर्धारित थी उसे 05 मिनट अस्थाई रूप से किया गया है और साथ ही साथ मालगाड़ी, पैसेन्जर, एक्स्प्रेस ट्रेनों के ड्राइवर को यार्ड व प्लेटफार्म में घुसते समय व शीतला माता मन्दिर के सामने गुजरते समय लम्बी सिटी बजाने का आदेश दिये गए है ताकि कोई भी दर्शनार्थी ट्रेन दुर्घटना का शिकार ना हो!

### राज्यपाल का प्रवास निरस्त!

घटना की प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका का 07 अक्टूबर को कार्यक्रम निर्धारित था परंतु घटना को ध्यान में रख यह कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है! इसको लेकर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम से चर्चा करने पर बताया गया कि राज्यपाल जी का यह कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है ! राज्यपाल महोदय 08 अक्टूबर को संध्या 05 बजे माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शनार्थ आने की सूचना राज्यपाल भवन से दी गई है!

## ग्राम पंचायत बोइरडीह के सरपंच ने किया लाखों का फर्जीवाड़ा



**छुरिया 8 अक्टूबर।** 5 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बोईरडीह मे ग्राम सभा आयोजित की गई जहां ग्रामीणो की ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया समय निर्धारित होने के बाद भी वार्ड पंचो ने अपनी उपस्थिती नहीं दी थी । तत्पश्चात सचिव द्वारा सभी पंचो को पुनः दूरभाष के माध्यम से बुलाया गया जहा कुल 16 वार्डो से 4-5 पंचो ने अपनी उपस्थिती दी। पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणो कि अनुमति से ग्राम सभा प्रारम्भ किया गया। सचिव द्वारा पंचायत के अजेंडा के बारे मे बताया गया अजेंडा मे घर टैक्स कि बात प्रारम्भ कि गई वार्ड न - 09 के पंच शिवराम साहू द्वारा टैक्स वसूली कि गई जहां कुल टैक्स वसूली कि जानकारी वार्ड पंच द्वारा नहीं दिया जा सका जिसमे सरपंच ने भी अपना पलड़ा झाड दिया जिससे मकान टैक्स मे राशि गबन का मामला स्पष्ट हुआ ग्रामीण ने आवाज उठाया कि टैक्स वसूली के दौरान वार्ड पाँच शिवराम साहू द्वारा ग्रामीनो को डराया जाता था कि अगर आप मकान टैक्स कि राशि जमा नहीं करते है तो आपका राशन बंद कर दिया जाएगा एवं पचायत के किसी भी कार्य मे आपको मजदूरी नहीं दिया जाएगा । ग्रामीणो ने डर के कारण अपना मकान टैक्स को शिवराम साहू के पास जमा किया गया परंतु ग्राम सभा के दौरान पुछने पर हिसाब नहीं दिया जा सका । सचिव ने अन्य विषयो पर चर्चा किया अजेंडा समाप्त होने के बाद ग्रामीणो ने पिछले दो साल मे किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया जिसमे लोक सभा चुनाव मे पंचायत द्वारा 57000 कि राशि खर्च किया जाना पाया गया जिसका हिसाब पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा नहीं बताया जा सका। माह फरवरी 2024 के हुये विकसित भारत संकल्प यात्रा मे पंचायत द्वारा 64700 रुपये कि राशि खर्च करने का मामला सामने आया जिसके संबंध मे भी पंचायत द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया उसी प्रकार कैश बुक मिलान कार्य हेतु 323824 रुपए कि राशि व्यय किया गया है जिसकी जानकारी भी नहीं दिया गया। गली लाइट हेतु विधयुत विभाग से विधयुत कनैक्शन नहीं लिए जाने कि बात सामने आई परंतु सिर्फ़ गली लाइट मरम्मत के नाम पर पंचायत द्वारा 175000 रुपये खर्च किए जिसके बावजूद एक भी तार नहीं बदला जाना पाया गया और न ही किसी प्रकार कोई मरम्मत किया गया । गलियों के मुरमीकरन मे पंचायत द्वारा पिछले दो सालो मे 35500 रुपये खर्च होना बताया गया परंतु ग्रामीणो ने पॅचायत के किसी भी गली मे मुरमी नहीं बिछाने कि बात कही।

### कृषि वैज्ञानिक दल ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की तिलहन फसल प्रदर्शन का निरीक्षण

**राजनांदगांव 8 अक्टूबर।** इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगाँव द्वारा कुलपति इंदिरा गाँधी कृषि वि.वि. रायपुर डॉ. गिरीश चंदेल एवं जोनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर अटारी जबलपुर डॉ. एसआर के सिंह के सफल संरक्षण व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टूटेजा के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा के मार्गदर्शन में तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों एवं उन्नत फसल उत्पादन तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं आदर्श तिलहन ग्राम परियोजना के तहत चयनित राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला एवं खैरागढ़ विकासखंड खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ग्राम मदराकुही में 300 एकड़ क्षेत्र में सोयाबीन फसल प्रदर्शन लगाया गया है। फसल प्रदर्शन के निरीक्षण व अवलोकनार्थ निदेशक विस्तार सेवाएं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा तीन सदस्य सहित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर से एक वैज्ञानिक का निरीक्षण दल गठित किया गया था। निरीक्षण दल में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से डॉ. डीपी पटेल, डॉ. मनोज चंद्राकर एवं डॉ. द्विवेदी प्रसाद व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जबलपुर से डॉ. रंजीत सिंह थे। निरीक्षण दल द्वारा 5 अक्टूबर को प्रदर्शन सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं आदर्श तिलहन ग्राम परियोजना के तहत चयनित ग्राम मदराकुही विकासखंड खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान- गंडई) एवं ग्राम खपरीकला राजनांदगाँव में सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया गया।

## कोहलाटोला में पंचायत भवन का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 8 अक्टूबर।** छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोहलाटोला में नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण व यादव समाज हेतु बनने वाले सामुदायिक भवन के भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए बता दे कि श्री सिंह के गाँव पहुँचते ही ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने नवीन ग्राम पंचायत भवन की बधाई देते हुए ग्रामवासियों से कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों की चिंता करती है व पिछले पांच साल से ग्रामीण क्षेत्रों में रुके हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास की राशि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अब मिलना शुरू हो गया है व पक्का मकान बनाने की सपना देख रही गरीब जनता के बैंक खातों में पहली किश्त चालीस हजार रुपये पहुँच गई है जिससे ग्रामीणों के चेहरे में मुस्कान आई है वही श्री सिंह ने मंच के माध्यम से सीएम विष्णुदेव साय सहित डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य में बीजेपी की डबल ईंजन की सरकार की यह बहुत ही शानदार योजना का लाभ गरीब परिवारों को मिल रहा है श्री सिंह ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पांच साल किसानों के साथ बहुत ही अन्याय हुआ लेकिन अब भाजपा सरकार बनने से किसानों को धान की कीमत बढ़ने के साथ ही अंतर की राशि एकमुश्त देने का काम भाजपा सरकार ने किया है कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह ने आगे कहा कि सामुदायिक भवन बनने से सामूहिक बैठक सहित अन्य कार्यो के लिए भवन कारगर साबित होगा इस दौरान केसीजी भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव, मंत्री आनंद सिन्हा, नवनीत जैन, भावेश कोचर, रामसुख साहू, पूरण साहू, मकसूदन साहू, हेमंत चन्देल, सुमन साहू, राकेश चन्देल, चुनुलाल सिन्हा, हिरदे यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## विधायक अंबिका मरकाम ग्राम चिवर्री में नवाखाई कार्यक्रम में हुई शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 8 अक्टूबर।** विकास खंड के ग्राम चिवर्री में गोडवाना समाज के नवा खाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुई क्षेत्र की विधयाक अंबिका मरकाम ज्ञात हो कि गोडवाना समाज के मुख्य परंपराओं में एक परंपरा नवाखाई की परंपरा भी है। जो मुख्यतः नया फसल के आने के समय समाज के वरिष्ठ व सामाजिक बन्धुओ के साथ मेल मिला कर आदिवासी समाज के लोग नया फसल धन, मुहुवा गेंहू, आदि के साथ नया खाई का कार्यक्रम करते हैं वही एक मंच पर इकट्ठा होकर सभी सामाजिक जन नयाखाई में नई फसलों का उपयोग कर उसे नया के रूप में ग्रहण करते हैं साथ ही अपने इष्ट देव को भी इसे प्रसाद के रूप में भेट कर नया खाई के कार्यक्रम को संपन्न किया जाता है इस बीच बड़े बुजुर्गो का सम्मान समाज के युवाओं के द्वारा एवं समाज के प्रति रीती नीति को भी सभी के समक्ष रखकर संगोष्ठी के माध्यम से नया खाई के कार्यक्रम को मनाया जाता है इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अंबिका मरकाम विधयाक सिहावा को आमंत्रित किया गया था जिसके लिए उन्होंने सामाजिक जनों के प्रति आभार व्यक्त किया वहीं उन्होंने कहा कि इस नया खाई के कार्यक्रम से निश्चित तौर पर हम एक दूसरे से मेल मिला कर समाज को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प लेते हैं जिसके तहत आज हमारे समाज के लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में बड़े बड़े मुकाम हासिल कर समाज का गौरव को बढ़ा रहे हैं निश्चित तौर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम का आयोजन कर समाज के युवाओं को जो सम्मान हम करते हैं जिससे उनका हौसला अफजाई होता है वही इस कार्यक्रम में युवा प्रभाग के द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा

## बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुधारो नहीं तो किया जाएगा प्रदर्शन:कांग्रेस





राजनांदगांव 8 अक्टूबर। प्रदेश की संस्कारधानी कहा जाने वाले राजनांदगांव शहर विगत 10 माह से अघोषित बिजली कटौती से परेशान है। वीआईपी कहे जाने वाले राजनांदगांव शहर में आए दिन बिना किसी सूचना के घंटों बिजली गुल कर देते है जिसके कारण व्यापारी, रोजमर्रा ,काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, पढ़ाई करने वाले बच्चों से लेकर वृद्धजन सहित हर वर्ग परेशान है जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 07 अक्टूबर को कैलाश नगर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के सामने एक दिवसीय विरोध-प्रदर्शन कर व्यवस्था सुधारने को लेकर अधिकारी को बेशरम फूल के साथ ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि राजनांदगांव शहर में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने, घंटों बिजली गुल समस्या से राहत देते हुए आम जनता को अघोषित बिजली गुल से निजात दिलाने को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में सोमवार 07 अक्टूबर को विद्युत विभाग कैलाशनगर में एक दिवसीय विरोध-प्रदर्शन कर कंपनी के अफसर को बेशरम फूल देकर ज्ञापन सौंपा।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि घंटों बिजली गुल से आमजनता को परेशान करने का विद्युत विभाग ने ठेका ले लिया है, विभाग द्वारा जारी नंबर ज्यादातर बंद रहता है। अधिकारियों कहते है कि मेंटनेस किया जा रहा है। कहने को तो राजनांदगांव वीआईपी जिला कहलाता है परंतु समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद राजनांदगांव को शहर से कोई मतलब ही नहीं रखते है। हम कांग्रेसजन विद्युत कंपनी को आगाह करते है कि समय रहते विद्युत व्यवस्था सुधार ले नहीं तो आने वाले समय में कांग्रेस जनहित मुद्दें को लेकर आम जनता के साथ उग्र प्रदर्शन करने बाध्य होगा।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों को चेताते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के हित में सड़क की लड़ाई लड़ी है। जिस तरह से शहर में विद्युत वितरण कंपनी मेंटनेस के नाम पर दो घंटे, चार घंटे कई बार दो-दो दिन बिजली अवरूद्ध कर देती है व्यापारी, रोजमर्रा काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, वृद्धजन सहित हर वर्ग परेशान हो रहा है। विभाग द्वारा शहर के किसी भी क्षेत्र में कभी भी दिन हो या रात अघोषित विद्युत कटौती बिना कोई सूचना के घंटों तक कर देती है। जिसके लिए कांग्रेस द्वारा कई बार विभाग को इस बारे में पत्र सौंपा चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है, इनके बावजूद घंटों बिजली अवरूद्ध रहना बड़े ही शर्म की बात है। अघोषित बिजली बंद होने से शहर में चोरी की वारदाते बढ़ रही है। कांग्रेस कई बार यहां के विधायक का ध्यानाकर्षण कराया उसके बावजूद भी समस्या यथावत है कोई सुधार नहीं हुआ है। यहां के विधायक डा.रमन सिंह अपने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था नहीं सुधार पा रहे हैं ये बड़ी ही सोचनीय विषय है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विद्युत विभाग को लचर बना दिया है।

## समाचार संक्षेप

### नवा बिहान के तहत सायबर ठगी एवं नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया जा रहा



**राजनांदगांव 8 अक्टूबर।** बसंतपुर पुलिस चौकी सुरगी के अंतर्गत ग्राम धामनसरा में 5अकटुबर को 19 अकटुबर तक सुरगी चौकी क्षेत्र चलाया जाएगा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार मंशा अनुरूप राजनांदगांव पुलिस द्वारा नवा बिहान के तहत पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर चलाया जा रहा है जन जागरुकता अभियान पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी विरेन्द्र मनहर पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर उपसरपंच कृत लाल पटेल हवलदार लोकनाथ वर्मा आरक्षक वेद प्रकाश रत्नाकर डोमेन्द देशमुख उर्मिला साहू ने पंचायत में कार्यशाला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा एवं प्राईवेशी को ध्यान में रखते हुए सावधानियां पूर्वक सोशल मीडिया व्यवहार करने जानकारी दी सायबर स्टाकिंग फेंक प्रोफाइल में तत्काल रिपोर्ट करने कहा गया सोशल मीडिया में पर्सनल व सेंसटिव न जानकारी शेयर करने एवं मजबूत पासवर्ड बनाने कहां गया फेंक ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर ठगी सेक्सटार्शन फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर अरेस्ट करने धमकी करने वाले एपीओ लिंक ओपन न करने सलाह दी आनलाईन ठगी होने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 नं पर आटलाईन शिकायत दर्ज एवं निकटतम पुलिस चौकी संपर्क कर रिपोर्ट दर्ज करने सुक्षाव दी नारकोटिव ड्रग्स अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक किया गया नशा न केवल शारीरिक मानसिक नुकसान करता है उसके परिवार को पतन के ओर धकेलता है अवैध कार्यों करते रहते हैं जागरूकता पखवाड़ा चलता रहेगा पुलिस विभाग ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

### सदस्यता अभियान से पार्टी और होगी मजबूत: संतोष पांडे



**छुरिया 8 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में पहुंचे सांसद श्री संतोष पांडे व सचिन सिंह बघेल,अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया ,बैठक की शुरुवात श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया । इस बैठक में मुख्यरूप से श्रीमती गीता साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव,रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा,एम. डी. ठाकुर उपाध्यक्ष प्रदेश अनु. जन. मोर्चा,चंद्रिका प्रसाद डडसेना,अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा,सुरेंदर सिंह भाटिया,जगजीत सिंह भाटिया,संजय सिन्हा महामंत्री,राधेश्याम शर्मा,आलोक श्रोती मुख्यरूप से मौजूद रहे । बैठक को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिले सहित सभी विधानसभा वार मंडलों को भी एक निश्चित टारगेट दिया गया है,जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का भी आह्वान किया,साथ ही जनप्रतिनिधियों,जिला,मंडल के पदाधिकारियों को भी अपना लक्ष्य पूरा कर पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकर्ता में अपना नाम शामिल करने की बात कही ।अभियान को सफल बनाने से पार्टी और अधिक मजबूत होने की बात रखी ।

### स्काउड़ गाइड एवम् एनएसएस के स्वयंसेवक बम्लेश्वरी मंदिर में दे रहे हैं सेवा



**छूरिया 8 अक्टूबर।** मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में, नीचे मंदिर और ऊपर मंदिर विकासखंड डोंगरगढ़ से स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर विभिन्न संस्थाओं से आए हुए स्काउट गाइड और ह्स्स् के बच्चों द्वारा कवार नवरात्रि में दिनांक 3.10. 24 से 11. 10. 24 तक हनुमान मंदिर, शिव मंदिर ,नाग मंदिर, रोपवे में छिरपानी नौका विहार में सेवा प्रदान कर रहे हैं । इसमें कन्या शाला डोंगरगढ़,शा उच्च मा शाला मुरमुनंदा शा उच्च मा शाला बेलगांव शास उ मा वि मड़ियान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , शासकीय हाई स्कूल भंडारपुर बधियाटोला, शासकीय हाई स्कूल सेंदरी, शासकीय हाई स्कूल बरनाराकला, शासकीय हाई स्कूल रूवातला, डॉ अम्बेडकर ओपन क्रू डोंगरगढ़, से स्काउट गाइड प्रभारी सुश्री सुनीता चंद्र कर श्रीमती धनेश्वरी साहू, कमलेश्वरी वर्मा, हरीश साहू, रामलाल चंद्र वंशी, राकेश रामटेके, नीलिमा ढोमने,अनिमा तिर्की, ने सेवा कार्य किये। जिला सचिव श्री देवेन्द्र अम्बादे जिला संगठन आयुक्त श्री मयुख श्रीवास्तव समय-समय पर दिशा निर्देश देते रहे। स्काउट गाइड को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कौर मैडम अध्यक्ष श्री दविन्दर सिंह भाटिया ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीष प्रदान किए।

संपादकीय

# बड़ी सफलता का जवाब बड़ी असफलता बताना है

राजनीति में बड़े नेताओं पर बड़ी जिम्मेदारी होती है, सबसे बड़ी जिम्मेदारी तो यही होती है कि सत्ता में रहते हुए पार्टी फंड के लिए ज्यादा से ज्यादा सहयोग करना। सत्ता मिलने पर ही ऐसा किया जाता है, इसलिए जब भी किसी दल को सत्ता मिलती है तो उसके बड़े नेता को ही सीएम का पद दिया जाता है, उसके बड़े नेताओं को ही मंत्री बनाया जाता है ताकि पार्टी चलाने के लिए पैसों की कोई कमी न हो। ऐसे तमाम बड़े नेताओं का काम अपने और पार्टी के लिए पैसों का जुगाड़ भी करना होता है। पार्टी जब तक सत्ता में रहती है तमाम बड़े नेता यही काम करते रहते हैं। राजनीति करने के लिए पार्टी को होना नहीं हर तरह से मजबूत होना भी जरूरी होता है। पार्टी बड़े नेताओं को बड़े पद सत्ता मिलने पर देती है तो वह पार्टी का खासकर आर्थिक तौर पर मजबूत करने का प्रयास करते हैं। सत्ता पर बने रहने के लिए दुबारा चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि उनके सरकार में रहते ही उनके भ्रष्टाचार यानी पार्टी के लिए पैसों का जुगाड़ करने के लिए जो कुछ किया गया होता वह सब सामने आ जाता है, वह सोचते हैं कि दोबारा सत्ता में आने पर वह हर मामले में लीपापोती कर लेंगे लेकिन जनता उन्हें उनके कामों के कारण ही दोबारा मौका नहीं देती है तो दूसरी सरकार के आने पर उनके सारे भ्रष्टाचार के मामले धीरे धीरे सामने आने लगते हैं और जनता को पता चलता है कि इन लोगों ने सत्ता मिलने पर अपने और पार्टी फंड के लिए राज्य को किस तरह लूटा है। वह जानते हैं कि उनकी पोल तो खुल गई है। दूसरी पार्टी की सरकार जब तक रहेगी तब तक उनके भ्रष्टाचार के मामले खबरों में बने रहेंगे। सरकार की तरफ से जनता तो पांच साल यही बताने का प्रयास किया जाएगा कि देखो पिछली सरकार ने तो भ्रष्टाचार ज्यादा किया है और जनता के लिए कम काम किया है। ऐसे विपक्ष के पास यही चारा बचा रहता है कि वह अपने भ्रष्टाचार के मामलों से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार की असफलता को खबरों में बनाए रखे। सरकार की छोटी से छोटी से असफलता को जनता के सामने बड़ी असफलता के रूप में पेश करे और बताए यह सरकार तो पिछली सरकार से बदतर है। जब किसी दल की सत्ता चली जाती है तो जो गुट सत्ता में रहते वक्त हावी रहता है, उसकी कोशिश रहती है कि सत्ता नहीं है तो क्या हुआ संगठन तो है। उसी पर कब्जा बनाए रखा जाए। कांग्रेस में इन दिनों यही कोशिश की जा रही है कि संगठन पर कैसे कब्जा बनाए रखा जाए। इसके जरूरी है कि संगठन में जो सबसे बड़े पद है, वह दिखाने का प्रयास करे कि देखो सरकार के खिलाफ तो हम सक्रिय हैं बाकी लोग तो मौन साधे हुए हैं। सरकार के खिलाफ तो हम ही सब कुछ कर रहे हैं। दूसरे लोग तो निष्क्रिय हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के हाथ से सत्ता छीन गई है। भूपेश बघेल दूसरी बार सीएम नहीं बन सके, वह रमन सिंह के कद के बराबर का नेता बनना चाहते थे लेकिन जनता ने उनको दूसरा मौका देना ठीक नहीं समझा। चुनाव के बाद नेता प्रतिपक्ष डा.चरणदास महंत को बना दिया गया। कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो सत्ता के लिए गुटबाजी होती है है और जब सत्ता में नहीं रहती है तो संगठन में अपना कब्जा बनाए रखने के लिए गुटबाजी होती है। कांग्रेस सत्ता में थी तो भूपश बघेल गुट ही सबसे ताकतवर था। राज्य से लेकर दिल्ली तक उनकी बात ही मानी जाती थी। वह चुनाव हार गए लेकिन संगठन पर अपना कब्जा बनाए रखने के लिए उन्होंने दीपक बैज को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनवा दिया था। उनका यही दांव आज भी उनके काम आ रहा है, वह दीपक बैज के जरिए संगठन पर अपना प्रभाव बनाए रखे हुए हैं। आए दिन सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन, आंदोलन, बंद के जरिए दिल्ली को यही संदेश देने का प्रयास करते रहे हैं कि देखो हम लोग ही सरकार के खिलाफ सक्रिय हैं।यानी यहां जो कुछ किया जाना चाहिए वह हम लोगों की मर्जी से किया जाना चाहिए।भूपेश बघेल के पास तो दीपक बैज है, वह उनके जरिए संगठन में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। वह खुद आगे न आकर दीपक बैज को आगे कर दिए हैं ताकि दूसरे गुट के लोगों को जो कुछ करना व कहना है वह दीपक बैज के खिलाफ कहा जाए, किया जाए। यानी कोशिश दीपक बैज को बड़े आदिवासी नेता के रूप में पेश किया जाए क्योंकि भाजपा ने साय के रूप आदिवासी को सीएम बनाया है तो भूपेश बघेल खुद आदिवासी सीएम के खिलाफ खड़े हुए नहीं दिखना चाहते हैं, उन्होंने इसके लिए दीपक बैज को सामने की पंक्ति में ला खड़ा किया है। न्याय यात्रा को दीपक बैज की यात्रा के रूप में करने की कोशिश की गई ताकि दीपक बैज को सीएम के विकल्प के रूप में पेश किया जा सके। डा.चरण दास महंत इस बात को समझ गए इसलिए उन्होंने समापन के मौके पर कहा कि इस यात्रा की खासियत यह रही कि यह दीपक बैज की न होकर सभी कांग्रेसियों की यात्रा थी। हमारा प्रयास है कि हम इस यात्रा को राज्य के कोने कोने से शुरू करेंगे। बैज ने भी कहा है कि यह यात्रा समाप्त नहीं हुई है यानी कि यात्रा आगे भी निकाली जाएगी। हो सकता है कि अगली बार बैज के अलावा भी कोई नेता यात्रा निकाले और बताए कांग्रेस के लिए सभी लोग काम कर रहे हैं।

विश्लेषण

ललित गर्ग

# पत्रकारों की स्वतंत्रता को बल देती सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान के अनुच्छेद-19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये जहां राहतकारी है, वही पत्रकारिता को अधिक निडर, निर्भीक एवं बेवाक तरीके से अपना धर्म को निभाने को प्रेरित करती है। असल में विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर आलोचनात्मक होने पर पत्रकार दमन का शिकार बने हैं। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के शिकार बने हैं।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में पत्रकार विभिन्न संकटों को झेलते हुए हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करते हैं। पत्रकार केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। पत्रकार देश की राजनीति, सरकारों और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की, उसने लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किये जाने की बात कहकर पत्रकारों को अधिक प्रखर, निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण होकर अपना धर्म निभाने का रास्ता साफ किया है। देखना है कि अदालत के इस फैसले का सरकारों एवं राजनीतिक दलों पर कितना असर होता है? अक्सर नेता, अधिकारी एवं मंत्री आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर वे अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दबाने एवं अपनी शर्तों पर पत्रकारिता कराने को बाध्य करते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी में देखने को मिली जब उन्होंने प्रेस वार्ता में एक महिला पत्रकार को बेहूदे तरीके से किसी पार्टी विशेष की पक्षधर होने का आरोप लगाया, इसी तरह अखिलेश यादव ने भी एक पत्रकार को भला-बूरा कहा। ये दृश्य समूचे देश ने देखें।

यह एक स्वस्थ, आदर्श एवं जागरूक लोकतंत्र राष्ट्र के लिये अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करते हुए निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को बल देती रही है। लेकिन विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे राजनेता एवं सरकारें रह-रहकर पत्रकारों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आते। हम देश में आम जनमानस को भी इतना जागरूक एवं सतर्क नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के




अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। यही वजह है कि सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश में वह निर्भीक पत्रकार के बचाव में खड़े नजर नहीं आते। वे ध्यान नहीं रखते कि उनके हित से जुड़ा कुछ सच सत्ताधीश छुपाना चाहते हैं। गलत नीतियां एवं भ्रष्टाचार इसीलिये पनपता है। राजनेता सत्ता की सुविधा के लिये मनमाफिक प्रचार तो चाहते हैं, लेकिन अपने दागों, भ्रष्ट आचरण एवं गलत नीतियों से जुड़े सच को सात पर्दों में रखना चाहते हैं।

निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक पत्रकार एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। यही कारण है कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि ह्यन खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो ह्ण उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

पत्रकार कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच पत्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में प्रेस की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। देश में आजादी के बाद भी बड़े राजनेता मीडिया द्वारा किसी नीति या फैसले के खिलाफ की गई आलोचना को सहजता से लेते थे। हालांकि आलोचना का अर्थ हर समय निंदा करना नहीं होता। किसी भी मुद्दे के पक्ष और विपक्ष का तार्किक विश्लेषण करना होता है। पत्रकारिता यही करती है। वह लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक आजाद एवं जीवंत प्रेस के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। आज हर हाथ में पत्थर है। आज समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नजमी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नजमी, अभी लोगों ने अपने हाथों से पत्थर नहीं फेंके हैं ह्न प्रेस ने समय-समय पर ऐसी स्थितियों के प्रति सावधान किया गया है, ह्यडर पत्थर से नहीं, डर उस हाथ से है जिसने पत्थर पकड़ रखा है ह्ण महावीर, बुद्ध एवं गांधी का उदाहरण देते हुए बहुत सफाई के साथ प्रेस ने समाज को सजग किया है। प्रेस की आजादी का मुख्य रूप से यही मतलब है कि शासन की तरफ से इसमें कोई दखलंदाजी न हो, लेकिन संवैधानिक तौर पर और अन्य कानूनी प्रावधानों के जरिए भी प्रेस की आजादी की रक्षा जरूरी है। यही काम सुप्रीम कोर्ट ने किया है, जो पत्रकारों के सम्मुख उपस्थित विभिन्न झंझावातों एवं संकटों के बीच अपने प्रयासों के दीप जलाये रखने का आह्वान हैं। भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लहूलुहान करना और उसे जंजीरों में जकड़ने की कोशिशें करना विडम्बनापूर्ण है। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में कैसे भरेगी कलम उड़ान! यही सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता है, जिसे सत्ताधीशों को समझना होगा।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके मिलने की संभावना है। आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को किसी बड़े पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप आज किसी से अहंकार भरी बातें ना करें, नहीं तो इससे लड़ाई झगड़ा हो सकता है।

वृषभ- आज आपका मन खुशियों से सराबोर रहेगा। परिवार के सदस्य आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। यदि आप उनको कोई सुझाव देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। यदि आप किसी संपत्ति के खरीदारी की योजना बनाने जा रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र की याद सता सकती है। आप किसी परिजन से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें, क्योंकि उसे समय पर वापस देने में आपको समस्या आएगी।

मिथुन- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन किसी काम के शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जा सकते हैं। आपका मन कार्यक्षेत्र में अपने कामों को छोड़कर बाकी के कामों पर लगेगा, जो आपकी थोड़ी टेंशन को बढ़ा सकता है। आप मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। परिवार के किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कर्क- कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको कोई निर्णय लेने से पहले समझकर चलना होगा। किसी से प्रॉपर्टी संबंधित बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। बिजनेस में आपका कोई लिया गया फैसला आपको खुशी देगा। माता-पिता से आप कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आध्यात्म के कार्य से जुड़कर आप नाम कमाएंगे। घर की साज सज्जा पर आपको पूरा ध्यान रहेगा। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको परेशान कर सकता है। आप कार्यक्षेत्र में किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सोच समझकर चलना होगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको यदि कोई बेवजह की टेंशन परेशान कर रही थी, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। माता-पिता से आप कुछ पारिवारिक कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

तुला- तुला राशि के जातकों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, आपको यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो उसमें वह मित्र की मदद से दूर होगी। आपको लंबे समय से रुके हुए धन की भी प्राप्ति हो सकती हैं। आपकी कोई प्रॉपर्टी संबंधित डील के फाइनल होने की संभावना है। आपके चारों ओर खुशियों से भरा माहौल रहेगा और जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

वृश्चिक- आज आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेंगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आपकी किसी से कहासुनी होने से आप परेशान रहेंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को कल पर छोड़ने से बचें। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने दिनचर्या पर पूरा ध्यान देना होगा। धन को लेकर आप कोई कदम जल्दबाजी में ना उठाएं। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों ने यदि किसी सरकारी नौकरी से संबंधित परीक्षा को दिया, तो उसके बेहतर परिणाम मिलेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको यदि कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी बेवजह के काम को लेकर चिंता रहने वाली है। आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको किसी सहयोगी से कामों को लेकर मदद लेनी पड़ सकती है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म के कार्यों में आपको बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको किसी परिजन की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपका कोई परिजन आपके घर मेल मिलाप करने आ सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को दूर करेंगे और आपको किसी काम से अच्छा धन लाभ मिलने की संभावना है। आपको किसी फैसले को जल्दबाजी में नहीं करना है। यदि आप किसी काम को लेकर कोई लोन आदि अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

## महिषासुर की महिमा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



एक समय की बात है, जब महिषासुर नाम का एक दानव धरती पर राज करता था। ये महिषासुर कोई आम दानव नहीं था। उसका नाम लेते ही लोग सहम जाते थे। लेकिन साहब, आज की दुनिया में महिषासुर का रूप बदल गया है। आज का महिषासुर खून से नहीं, वोटों से ताकतवर होता है। तो चलिए, आपको आज के महिषासुर की कहानी सुनाते हैं, जिसे सुनकर आप हँसते-हँसते लोटपोट हो जाएंगे।

महिषासुर का पहला गुण था झ धूर्तता। उसने बड़ी होशियारी से जनता को अपने वश में कर लिया था। उसे पता था कि लोगों को कैसे बेवकूफ बनाया जाता है। चुनाव के समय वह जनता के बीच जाता और कहता, मैं तो आपका सेवक हूँ, आपकी भलाई के लिए आया हूँ। और जनता, जो हर पाँच साल बाद एक नए 'महिषासुर' की तलाश में रहती थी, उसकी बातों में आ जाती।

एक दिन महिषासुर सभा में भाषण दे रहा था। उसने कहा, मेरी सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। हम मुफ्त रोटियाँ बांट रहे हैं। लोग ताली बजाने लगे। लेकिन अंदर से सब जानते थे कि महिषासुर ने उन रोटियों में भी कटौती कर दी थी झ आटा घटाकर मिट्टी मिला दी थी। आखिर मिट्टी भी तो देश की संपत्ति है, उसे बेकार क्यों जाने दें? महिषासुर ने सोचा था। महिषासुर का दूसरा गुण था झ धोखा। उसने अपने दरबार में चारों ओर ऐसे लोग बिठाए थे, जो उसकी हाँ में हाँ मिलाते रहते। महाराज, आप जैसा ज्ञानी हमने आज तक नहीं देखा, दरबारी कहते। महिषासुर मुस्कुराता और सोचता, अरे मूर्खों, अगर तुमने मुझसे बड़ा ज्ञानी नहीं देखा, तो फिर तुम्हारी अज्ञानता किस स्तर की होगी!

महिषासुर का तीसरा गुण था झ छल-कपट। उसने अपने राज्य में खूब विकास की बातें की थीं। उसने हर जगह विकास के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगवा दिए। लोगों से कहता, विकास हो रहा है, लेकिन आपको दिख नहीं रहा क्योंकि आप दूरबीन से नहीं देख रहे।

अरे महाराज, किसी ने हिम्मत कर-के पूछा, ये विकास दूरबीन से ही क्यों दिखता है?

महिषासुर हँसकर बोला, क्योंकि हमारा विकास इतना दूर है, कि सिर्फ दूरबीन से दिखेगा! फिर आया महिषासुर का सबसे बड़ा शस्त्र झ भय। उसने जनता को डराकर रखा था। उसने हर जगह अफवाह फैला दी कि अगर वो नहीं रहेगा, तो देश में अनर्थ हो जाएगा। मैं न रहूँगा तो ये देश अराजकता में डूब जाएगा, महिषासुर ने ऐलान किया।

जनता सहम गई। किसी ने सोचा भी नहीं कि महिषासुर खुद ही अराजकता फैला रहा था। अब तुम ही देश हो, और तुम ही देश की समस्या, एक बुजुर्ग ने कहा, पर उसकी आवाज भीड़ में दब गई।

महिषासुर ने अपने शासनकाल में बड़े-बड़े वादे किए थे। उसने कहा था, हमने जो पुल बनवाए हैं, वो इतनी मजबूती से बने हैं कि भूकंप आए, तूफान आए, कुछ नहीं बिगाड़ सकते। अगले ही दिन खबर आई कि एक पुल गिर गया। महिषासुर ने फौरन जवाब दिया, ये पुल दरअसल इतनी मजबूती से बना था कि वो अपनी खुद की ताकत से गिर गया!

महिषासुर का एक और बड़ा गुण था झ कुर्सी प्रेम। उसे कुर्सी से इतना प्यार था कि वह कहता, अगर मुझे इस कुर्सी से हटा दिया, तो देश में भूचाल आ जाएगा! उसकी कुर्सी हर चुनाव के बाद और मजबूत हो जाती थी, क्योंकि उसने लोगों को ये यकीन दिला दिया था कि इस कुर्सी पर बैठना मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

महिषासुर की सभा में हर दिन नए-नए मनोरंजन के कार्यक्रम होते थे। कभी-कभी वह अपने मंत्रियों को बुलाकर उनसे चुटकुले सुनता। एक मंत्री ने कहा, महाराज, हमारी सरकार भ्रष्टाचार मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिषासुर हँसते-हँसते लोटपोट हो गया, अरे भाई, पहले ये बताओ कि भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए उसे पहले बढ़ाना जरूरी है, तभी तो कुछ मिटेगा! और फिर, महिषासुर का सबसे बड़ा गुण झ जुगाड़। उसे पता था कि हर काम कैसे 'जुगाड़' से किया जा सकता है। जब भी कोई समस्या आती, वह कहता, हमारे पास समाधान है झ जुगाड़।

किसी ने पूछा, महाराज, आपके जुगाड़ से सब ठीक हो जाएगा?

महिषासुर ने मुस्कराते हुए कहा, अरे भाई, जुगाड़ में ताकत होती है, तुम समझते नहीं। यही तो हमारी पहचान है! महिषासुर ने अपने शासनकाल में एक और बड़ा काम किया था झ वादा करना और भूल जाना। उसने हर चुनाव से पहले इतने वादे किए कि लोग गिन भी नहीं पाए। जब किसी ने उसे पुराने वादे याद दिलाए, तो उसने जवाब दिया, देखो, वादे किए जाते हैं, पूरे करने के लिए नहीं, बल्कि चुनाव जीतने के लिए।

फिर एक दिन महिषासुर की कुर्सी लड़खड़ाने लगी। जनता के बीच से आवाजें उठने लगीं, अब बहुत हो गया। लेकिन महिषासुर अपने विशेष 'भय' के शस्त्र को निकाल लाया। उसने कहा, अगर मुझे हटाया, तो दुनिया खत्म हो जाएगी।₹

लेकिन जनता ने उसकी एक न सुनी और उसे कुर्सी से हटा दिया। महिषासुर हक्का-बक्का रह गया।

₹अरे, ये जनता इतनी समझदार कब हो गई?₹ उसने सोचा, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी। कहानी का अंत यही है कि महिषासुर चला गया, लेकिन उसकी जगह कोई और आ गया। ₹महिषासुर बदलता है, पर महिषासुर का राज कभी खत्म नहीं होता,₹ ये आज के समय का सबसे बड़ा सत्य है। और इस तरह, महिषासुर की महिमा अनंत है।

दुर्लभ वनस्पति

सुनील कुमार महला

# कहीं किताबों का हिस्सा बनकर ही न रह जाए संकटग्रस्त पादप फोग !



राजस्थान में प्रसिद्ध तथा वर्तमान में लुप्तप्राय वनस्पति 'फोग' के बारे में आजकल की युवा पीढ़ी शायद ही 'फोग' झाड़ी के बारे में जानती होगी। इस वनस्पति के बारे में राजस्थान में कहा जाता है कि -'फोगला को रायतो, काचरी को साग, बाजरी की रोटी, जाग्या म्हारा भाग।' मतलब यह है कि फोग वनस्पति का रायता, काचरी की सब्जी और बाजरा की रोटी भाग्यवान मतलब नसीब वाले व्यक्ति को ही मिलती है। आज बुजुर्ग ही राजस्थान के मेवा कहलाने वाले 'फोग' के विषय में जानते हैं, युवा पीढ़ी इस वनस्पति व इसके गुणों से अपरिचित है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जाटों की एक प्रमुख गोत्र का नाम फोगाट है जो संभवतः नागवंशियों की संतान हैं जो फोग को अपना प्रतीक चिन्ह मानते थे। फोगाट जाट हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि 'फोग' मरू क्षेत्र का या यूं कहें कि राजस्थान का मेवा कहलाता है, लेकिन आज झाड़ी या छोटे वृक्षनुमा 'फोग हमारे यहां' बहुत ही कम रह गये हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि फोग थार के रेगिस्तान में भारत और पाकिस्तान में मुख्य रूप से पाया जाता है। फोग थार रेगिस्तान के अतिरिक्त उत्तरी अमेरिका, पश्चिमी एशिया, उत्तरी अफ्रीका एवं दक्षिणी यूरोप आदि स्थानों पर भी पाया जाता है। फोग को स्थानीय लोग इसे 'फोगड़ा' कहते हैं और वनस्पति विज्ञान की भाषा में इसे केलिगोनम पॉलीगोनोइडिस के नाम से जाना जाता हैं। आज दूर-दराज के क्षेत्रों में यह पौधा देखने तक को नसीब नहीं होता या कम देखने को मिलता है। वैसे राजस्थान के बाड़मेर के बायतु क्षेत्र में, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर आदि क्षेत्रों में फोग वनस्पति कहीं कहीं देखने को मिल जाती है। जैसलमेर के नाचना क्षेत्र में इसकी झाड़ियां विशेष रूप से पाई जाती हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 60-70 के दशक में ये अच्छी संख्या में मौजूद थे। यह बहुत ही चिंताजनक है कि आज फोग आईयूसीएन की रेड डेटा बुक के संकटग्रस्त पादप की सूची में शामिल है।ईंधन एवं कोयले के लिए इसकी जड़ों के अत्यधिक दोहन के कारण आज थार रेगिस्तान में फोग की मात्रा लगातार घट चुकी है। फोग की लकड़ी की यह विशेषता होती है कि इसकी लकड़ी आग बहुत जल्दी पकड़ लेती है। यहां तक कि गीली होने की स्थिति में भी यह आग जल्दी पकड़ लेती है, फोग के कम होने का कारण इसका जल्दी आग पकड़ना भी है। इसीलिए फोग पर राजस्थान में कहावत भी बनी है। कहां गया है कि - 'फोग आलो ई बळै, सासू सूदी ई लड़ै।' जानकारी देना चाहूंगा कि राजस्थान में स्थानीय भाषा में फोग को फोगाली, फोक तथा तूरनी आदि नामों से जाना जाता है। वास्तव में फोग पोलिगोनेएसी कुल का सदस्य है। यह सफेद व काली रंग की एक झाड़ी होती है, जिसमें अनेक शाखाएं होती है। यह अत्यंत शुष्क एवं ओस दोनों परिस्थितियों में जीवित रह सकने वाला पौधा है। इसमें उच्च पोषण क्षमता वाले अनेक पोषण तत्व पाए जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। यदि हम फोग के पोषक तत्वों की बात करें तो फोग में करीबन 18% प्रोटीन, 71.1% काबोर्हाईड्रेट, 9.1% रेशे, अल्प मात्रा में वसा, . 7 मिलीग्राम/100 ग्राम विटामिन- बी-2 670 मिलीग्राम /100 ग्राम कैल्शियम, 420 मिलीग्राम/100 ग्राम फॉस्फोरस तथा 12.7 मिलीग्राम/100 ग्राम आयरन पाया जाता है। इसकी जड़ों, फूलों, कलियों तथा बीजों में फ़्लवोनोइडस, एल्केलोईडस, टेनिन, स्टेरॉयड, फिनॉल्स, टेपेनॉइडस आदि पाए जाते हैं तथा कलियों में एथिल होमोवनिलेट (11.79%) नामक वसीय तेल तथा जड़ों में ड्रीमेनोल (29.42%) नामक वसीय तेल पाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि फोग के फलों और इसके फूलों में 18% प्रोटीन एवं 71 % से अधिक काबोर्हाइड्रेट की मात्रा पाई जाती है, जो ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है। फोग का पौधा अत्यंत सूखे और पाले दोनों ही परिस्थितियों में जीवित रह सकता है, और इसकी यही खासियत ही इससे थार के अनुकूल भी बनाती है। इसकी(फोग) तासीर ठंडी होती है और यदि किसी व्यक्ति को 'लू' लग जाए तो इसकी पत्तियों का रस निकालकर लू लगने व्यक्ति को पिलाने से वह तत्काल ठीक हो जाता है। इसकी पत्तियों का रस विष प्रतिरोधक माना जाता है। इसकी फलियों से निकलने वाले बीज की रोटी भी बनाई जा सकती है। इतना ही नहीं, फोग की पत्तियां मिट्टी की उर्वरता को भी बढ़ाती हैं। रेगिस्तान की विषम परिस्थितियों में उगकर यह उस क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। वैसे इसके पत्तियां नहीं होती हैं और टहनी ही इसकी पत्तियां कहलातीं हैं। चैत्र-फाल्गुन के महीने में या यूं कहें कि होली के आसपास इसके झाड़ीनुमा पेड़ पर गांठनुमा छोटे-छोटे फल आते हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'फोगला' कहा जाता है, जिन्हें छाछ या दही में इस्तेमाल किया जाता है। वैसे, मास फरवरी -मार्च -अप्रैल में इसकी नयी पत्तियां फूटती हैं। इसके पुष्प गुलाबी रंग के होते हैं जो छोटे छोटे होते हैं तथा जिनको स्थानीय भाषा में 'रिमझर' बोलते हैं। इसके फूलों की महक लुभावनी होती है। कुछ लोग इसके फूलों को तैल में भूनकर भी खाते हैं। फोग की जड़ों को उबालकर कत्थे में मिलाकर इसे मसूड़ों से संबंधित बीमारी में इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिमी राजस्थान में अधिकतर लुहार फोग की लकड़ी के कोयले का इस्तेमाल खाना बनाने में करते हैं। फोग का पौधा धीरे धीरे बढ़ता है और जमीन से एक से डेढ़ मीटर ऊंचा होता है। तने की लकड़ी मजबूत और रेशेदार होती है तथा फोग उन दुर्लभ वनस्पतियों में से एक है जो तेज गर्मी में भी बिना पानी के जिंदा रहती है। यह मिट्टी के अपरदन को रोकता है और मरूस्थलीय प्रसार को रोकने में मददगार है। ऊंट और बकरियां इसे बड़े चाव से खाते हैं और अन्य पशु भी इसे चारे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसकी लकड़ी आसानी से सड़ती-गलती नहीं है और प्राचीन समय में राजस्थान के जहाज कहलाने वाले ऊंट की नकेल इसी की लकड़ी से बनाई जाती थीं। आज बढ़ते शहरीकरण, अकाल के कारण फोग वनस्पति लुप्तप्राय प्रजाति की श्रेणी में पहुंच गई है। आधुनिक खेती में ट्रैक्टरों का अधिक प्रयोग के कारण फोग समूल नष्ट हो रही है, क्यों कि इनके प्रयोग से यह जड़ समेत निकल जाती है और दुबारा नहीं पनप पाती है। लाठी और चांदन क्षेत्रों में नलकूपों की संख्या बढ़ जाने के कारण आज कृषि कार्यों में प्रगति हुई और किसानों द्वारा फोग की कटाई कर दी गई, जिससे फोग वनस्पति पर काफी प्रभाव पड़ा है।अंधाधुंध कटाई ने भी फोग के अस्तित्व पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। आज गांवों में खेतों और ढ़ाणियों में बसने वाले लोग अपनी आजीविका के लिए फोग की लकड़ी को काट रहे हैं। शहरों में ईंट भट्ठे फोग की लकड़ी विशेष रूप से इस्तेमाल करते हैं, क्यों कि यह आसानी से जलती है।

## एक नजर

### नक्सली मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर, हथियार बरामद

**सुकमा 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ भेज्जी थाना क्षेत्र के ग्राम पामलूर के जंगल-पहाड़ियों में हुई, जिसमें जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया। मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार, भेज्जी थाना क्षेत्रान्तर्गत नक्सलियों कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्यों के उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, 206 कोबरा, 208 कोबरा, 131 सीआरपीएफ और 212 सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ग्राम डब्बाकोंटा, एंटापाड़ बुर्कलंका, पामलूर, सिंघनमड़गू व आस-पास क्षेत्र की ओर ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। ऑपरेशन के दौरान कल शाम ग्राम पामलूर के जंगल-पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में घटनास्थल से 1 पुरुष नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली के शव को शिनाख्तगी की कार्रवाई किया जा रही है।

### निरंजन सिन्हा बने छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष

**कुरुद 8 अक्टूबर।** बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें



कुरूद नगर के निरंजन सिन्हा छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए । श्री सिन्हा भाजपा नेता एवं नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष हैं. इस नवीन दायित्व के लिए वे सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है । इस नवीन दायित्व को पूरा करने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण से पालन का वचन दिया. साथ ही हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों के हितों एवं छत्तीसगढ़ को कबड्डी के क्षेत्र में नई उपलब्धियां अर्जित कराने प्रयासरत रहेंगे । निरंजन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में नगर पंचायत कुरूद में विभिन्न विकास कार्य करवाए हैं. इसी तरह कबड्डी के क्षेत्र में कुरूद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए अपनी वचनबद्धता दोहराई. कुरूद नगर के नेताओं खेल प्रेमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है. बधाई देने वालो में कमलेश ठोकने, ज्योति भानु चन्द्राकर, रविकांत चन्द्राकर,भुनेश्वरी निर्मलकर, समारू सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, नंदकुमार सिन्हा, देवदास ध्रुव, गोरख देवांगन, राजकुमार चन्द्राकर, उत्तम चन्द्राकर, गिरधर महाराज, हिरेश सिन्हा सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया।

### राजस्व मंत्री का किया आत्मीय स्वागत

**दंतेवाड़ा,8 अक्टूबर।** स्थानीय कारली पुलिस लाईन हेलीपैड में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा के एक दिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास में दंतेवाड़ा आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा के साथ में संगठन के पदाधिकारी श्री पवन साय का भी आगमन हुआ। इस दौरान विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, एसपी श्री गौरव राय, एसडीएम श्री जयंत नाहटा तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने उपस्थित थे।

### अम्बेडकर अस्पताल के नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण

**रायपुर. 8 अक्टूबर।** राज्य शासन के आदेशानुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति



चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कर लिया। इस गरिमामयी अवसर पर अम्बेडकर अस्पताल के पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी विभाग डॉ. एस. बी. एस. नेताम एवं सहायक अधीक्षक डॉ. डी. के. टंडन समेत कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पदभार संभालने के पश्चात नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि अम्बेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को सर्वोत्तम उपचार सुविधा एवं आपातकाल में आने वाले मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके, यही पहली प्राथमिकता होगी।

### बारदा में लगने वाला शिविर स्थगित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 8 अक्टूबर।** कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के कलस्टर ऐसेबेड़ा के ग्राम बादरा में 09 अक्टूबर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी शिविर की सूचना पृथक से दी जायेगी।

### जल जगार महोत्सव के सफल आयोजन पर कलेक्टर ने जताया आभार

**धमतरी 8 अक्टूबर।** जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य लेकर मनाए गए जल जगार महोत्सव के सफल आयोजन पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, केबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप, जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमार चौधरी, सांसद कांकेर श्री भोजराज नाग, विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिकार मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सभी सामाजिक संगठन और उनके पदाधिकारी, स्वैच्छिक संगठन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकार बंधु, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, सहयोगी संस्था के अलावा अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जल जगार महोत्सव में अपना योगदान देने वालां का आभार जताया है। उन्होंने धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसलों को अपनाने, 1500 स्क्वेयर फीट से अधिक क्षेत्र के मकानों और भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से बनाने सहित जल संरक्षित करने हेतु अधिक से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं नदी, तालाब आदि की सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

# माई दंतेश्वरी मंदिर में वीवीआईपी कल्चर से आम भक्त परेशान

## चतुर्थी-पंचमी जैसे भीड़ वाले दिन दर्शन की जिद आस्था पर पड़ रही भारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि पर ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ वाले दिन मां दंतेश्वरी मन्दिर में वीवीआईपी आगमन से आम श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं। इस बार पर्व की शुरुआत से लेकर पंचमी के दिन तक लगातार मंत्री प्रवास हुए हैं, जिसमें घण्टों लाइन में लगकर इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को दर्शन करने से घंटे भर से ज्यादा समय तक रोक दिया जाता है। मंत्रीगण ऐसे दिन देवी दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिस दिन पदयात्रियों और आम दर्शनार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा रहती है। ऐसे में सायरन बजाते वाहनों का काफिला सड़क पर दौड़ता दिखता है। जबकि आम लोगों की वाहनों को नगर में घुसने से रोका जा रहा है, ताकि पदयात्रियों को हादसों से बचाया जा सके। आमतौर पर पंचमी व षष्ठी तिथि के बाद दर्शनार्थियों की भीड़ कम हो जाती है। ऐसे समय वीवीआईपी प्रवास होने पर इतनी ज्यादा समस्या नहीं रहती, लेकिन खास दिन में दर्शन की जिद की वजह से आम जनों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री नेताओं के आने से सामान्य भक्तों को घंटों दर्शन के लिए रोक दिया जाता है जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। नवरात्रि से पूर्व तैयारियों के संबंध में होने वाली मंदिर समिति की बैठक में भी कोई इस मुद्दे को नहीं उठाता जबकि इस समस्या से हर वर्ष दर्शनार्थियों को भारी दिक्कत होती हैं। मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों व पदाधिकारियों को आने वाले नवरात्रि से पहले इस समस्या पर विचार कर इसे ठीक करना होगा है अन्यथा आम जनता के बीच मंदिर व्यवस्था के प्रति नकारात्मक संदेश जाएगा जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं होगा।





# कुरूद दशहरा महोत्सव में झरोखा की प्रस्तुति ने मोहा मन,पत्रकारों का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 8 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि के चौथे दिवस की संध्या में कुरूद दशहरा महोत्सव 2024 के तहत लोक कला मंच दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव थे। अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा ने की ।विशिष्ट अतिथियों मे पत्रकारों में कृपाराम सिन्हा, अजय केला, गणेश साहु, दीपक साहु, रवि शर्मा, भुनेश्वर साहू, गोकुलेश सिन्हा, चंदन शर्मा, दीपक साहू, श्रवण साहू, मुकेश कश्यप, दिलीप साहू, पामेश देवांगन, दिलीप जादवानी,घनश्याम साहू,प्रदीप गंजीर,मोहम्मद रसीद,सुरेश साहू,नीलम साहू,छत्रपाल साहू, बंटी सिन्हा,कैलाश तांडे,राजू साहू,राजू रात्रे ,युगल किशोर साहू,खिलेश्वर साहू,दिजविजय सिंह,प्रीतम ,मोहन ,ज्ञान देव,पवन निषाद,राजू साहू सहित कुरूद ,भखारा,मेघा , सिरी के पत्रकार बंधु बड़ी संख्या शरीक हुए ।अतिथि उद्बोधन के क्रम में श्री कृपाराम यादव ,भुनेश्वर साहू सहित पत्रकारों ने इस सम्मान के लिए महोत्सव के लिए धन्यवाद दिया और महोत्सव के अब तक के सफर को शानदार बताते हुए इससे जुड़े लोगो को याद कर इसे कुरूद नगर के लिए ऐतिसाहिक बताया,सभी ने भानु चंद्राकर जी के इस प्रयासों की तारीफ की। इसके उपरांत दशहरा महोत्सव समिति द्वारा समस्त मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं दुष्यंत हरमुख जी को रजत जयंती अवसर पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत उनके कलाकारों की मनभावन प्रस्तुति प्रारंभ हुई , जिसमे मधुर स्वर से दीप जितने वाली कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीतों से दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान लोकगायिका रिंकी देवांगन ने अपनी मधुर आवाज से सबका दिल जीतते हुए देर रात तक समा बांधे रखा।इस दौरान जसगीत,गौरी गौरा,विवाह गीत,पंथी ,बस्तरिहा , करमा , सुआ , ददरिया जुड़े गीत सहित एक से बढ़कर मनभावन गीतों की श्रृंखला की प्रस्तुति हुई।जसगीत और गौरी गौरा गीतों के दौरान कई बार माताओं का आगमन हुआ, जिससे वातावरण में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अन्त में रिंकी देवांगन को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए महोत्सव समिति द्वारा सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन करते हुए महासचिव भानु चंद्राकर ने कहा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक मा. अजय चन्द्राकर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शासन प्रशासन के अधिकारियों, सहयोग देने वाले चिन्हित सहयोगियों, महोत्सव से नगर के समस्त शासकीय विभागों को प्रभारियों, महोत्सव सम्मिलित हुए समस्त अतिथियों, गणमान्य जनों सहित नगर- क्षेत्र की हजारो श्रद्धालुओं का आभार जताया और उन्होंने कहा कि हमारे महोत्सव समिति को दो कार्यक्रम और मिले हैं जिसमें सप्तमी 9 अक्टूबर को राजेश अवस्थी नाईट, अष्टमी 10 अक्टूबर को किरण शर्मा रायगढ़ द्वारा माता का जगराता कार्यक्रम सहित 6 अक्टूबर से लगातार 10 अक्टूबर तक महोत्सव में सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहे है, आप सबको हार्दिक बधाइयाँ, कार्यक्रम का मंच संचालन महोत्सव के पदाधिकारी प्रभात बैस ने किया।

# श्रीमद् भागवत महापुराण में पंचमी को सुनाई रुक्मणि विवाह की कथा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा 8 अक्टूबर।** नगर के मंडी प्रागण मेला मैदान में श्रीमद् भागवत महापुराण कथाज्ञान यज्ञ का भव्य संगीतमय आयोजन नवरात्र के प्रथम दिन से किया जा रहा है। इस भागवत महापुराण कथा के व्यास पंडित कथावाचक पं. भीमप्रसाद शर्मा कौन्दकेरा राजिम वाले के मुखारविन्द से हो रहा है। जिसे सुनने के लिए भक्तों की भीड उमड रही है। व्यास पंडित के द्वारा कल पंचमी के अवसर पर रूखमणी विवाह का भव्य एवं शानदार तरीके से विवाह कथा का आयोजन किया एवं कृष्ण भक्ति के साथ रासलीला, डंडा नृत्य, मटका फोड का आयोजन किया गया। इसके बाद भागवत भगवान को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया तथा भागवती प्रेमी भक्तों को खीर पुडी का प्रसाद वितरण किया गया। भागवत कथा का प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाता है वही प्रतिदिन रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक रामायण पाठ का आयोजन भी किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार 9 अक्टुबर को छत्तीसढी सांस्कृतिक कार्यक्रम जसगीत झांकी धानापुरी जिला बालोद की प्रस्तुति की जावेगी। भागवत कथा का समापन गीता ज्ञान, यज्ञ हवन-पूर्णाहूति, गोदान, महाप्रसादी एवं भोगभंडारा के साथ गुरूवार 10 अक्टुबर को किया जाएगा। श्रीमद् भागवत महापुराण कथाज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन नगर के निर्मल सोनकर, सत्यभामा सोनकर, अजय सोनकर, बिन्दा बाई सोनकर के द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें नगर के वार्डवासी एवं भक्तजन धर्मेन्द्र देवांगन, दुर्गा प्रसाद देवांगन, सुरेन्द्र देवांगन, पार्षद नंद किशोर गौतम आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा हैं।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं घायल के प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 8 अक्टूबर।** सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपये तथा घायल को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम मुंगवाल निवासी चन्द्रशेखर कोरेटी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन महरसिंह के लिए 25 हजार रूपये, राजनांदगांव तहसील के ग्राम कापा निवासी कुमारी सुधा कोसमा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके पिता चंदन कोसमा के लिए 25 हजार रूपये तथा भानुप्रतापपुर तहसील के हाटकोंदल निवासी संदीप यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम वारिस बहुरसिंह यादव को 25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दें: राजस्व मंत्री



**दंतेवाड़ा,8 अक्टूबर।** आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राजस्व मंत्री ने बैठक में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की मंशानुरूप छत्तीसगढ़'' को 2047 तक ''विकसित राज्य, विकसित छत्तीसगढ़'' बनाने का लक्ष्य निर्धारित है अतः शासकीय योजना का लाभ निचले स्तर तक के ग्रामीणों को मिलनी चाहिए। जिससे परिवार और गांव की आर्थिक स्थिति सुधर सके। इसके लिए विभागीय लंबित कार्यो का निराकरण करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीणों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन जैसे कार्यो के निराकरण में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी जनता की दिक्कतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को ध्यान रखते हुए सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को आय और जाति प्रमाण पत्र के लिए किसी को इधर-उधर भटकना न पड़ें। अविवादित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में यह देखा गया है कि ऐसे प्रकरणों को बिना किसी कारण के अनावश्यक खारिज किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही होनी चाहिए। इसके अलावा किसानों के भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलाया जाए। उन्होंने बढ़ते शासकीय भूमि को अतिक्रमण के विषय में कहा कि अतिक्रमण होने की स्थिति में नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करने के साथ ही शासकीय भूमि का सीमांकन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सभी प्रकरण को समय-सीमा के भीतर करने को कहा। मौके पर स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने कार्यों को अच्छी तरह से कर रहे हैं और जो भी लंबित कार्य हैं उसे समय सीमा में तय करें। उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर कठोर कार्रवाई करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा अनुविभाग दंतेवाड़ा, गीदम बड़े बचेली, तहसील गीदम, दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण से संबंधित विभिन्न राजस्व प्रकरण जैसे नजूल भूमि बिक्री, नजूल के अन्य मामले, कृषि योग्य भूमि के अन्य विभाग के हस्तांतरण, सीमाकंन, बी-1 2-1 व्यपवर्तन, अनाधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा रखने वाले व्यक्तियों की बेदखली और उन पर शास्ति, कृषि योग्य भूमि पर भूमि स्वामी का अधिकार प्रमाण पत्र, त्रुटि सुधार, नजूल भूमि का स्थायी पटटा, विवादित खाता विभाजन,वृक्ष कटाई हेतु अनुमति, बन्दोबस्त अभिलेखों में सुधार, खसरे में अथवा धारा-114 के अधीन तैयार किए गए किसी अन्य अभिलेख संबंधी कागजों में गलत प्रविष्टि का सुधार, अथवा प्रविष्टि संबंधी सुधार, के प्रकरणों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। बैठक में एसडीएम जयंत नाहटा सहित सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी समस्त तहसीलदार, एवं भू-अभिलेख के अधिकारी उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं के उपचार के लिए चलित स्वास्थ्य वाहन जगह-जगह हैं तैनात

**दंतेवाड़ा, 8 अक्टूबर।** भारतीय संस्कृति में सेवा को ही सर्वश्रेष्ठ



धर्म माना गया है। इसलिए ''सेवा परमो धर्मः'' के वाक्य को हमारे धर्म ग्रंथों में प्रमुखता दी गई है। सेवा को परम धर्म मानने के पीछे कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण तथा प्रत्यक्ष आत्मोद्धारक तत्त्व व कारक है। सेवा के अंदर दान, त्याग तथा समर्पण भाव रूपी धर्म के अंश प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों रूपों में विद्यमान रहते है। इस प्रकार व्यक्ति जरूरतमंद की सेवा के साथ-साथ अपने आप की भी सेवा करते हुए आत्मोद्धार करता है।इस क्रम में शारदीय नवरात्र के मद्देनजर आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नगर में उमड़ रही है। हर वर्ष की तरह नवरात्रि में इन दिनों में बस्तर संभाग के अन्य जिलों के अलावा विभिन्न राज्यों से दंतेवाड़ा में आ रहे पदयात्रियों का तांता लगा हुआ है पैदल चल रहे इन पदयात्रियों के पैरों के छाले के उपचार के लिए नगर नगरीय निकाय के मोबाइल यूनिट वैन द्वारा श्रद्धालुओं के पैरों में मरहम पट्टी किया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी श्रद्धालुओं का मेडिकल चेकअप की भी व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि दोपहिया या चार पहिया वाहनों में आने वाले श्रद्धालुओं के अलावा पैदल चलित यात्रियों की संख्या भी हजारों की संख्या में है। और इनमे भी बहुत से श्रद्धालु अपने घुटनों के बल अथवा पलटते हुए भी माईजी की दरबार में अपनी आस्था का ज्योत जलाने के लिए उमड़ रहे है। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए सड़क के किनारे दोनों मोबाइल यूनिट वन तैनात किया गया है ताकि ऐसे श्रद्धालुओं के जख्मों पर मरहम पट्टी लगाकर उन्हें राहत प्रदान किया जा सके। साथ ही शामियाना और टेंट लगाकर श्रद्धालुओं के बैठने, आराम करने और स्वल्पाहार, पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है, और यह व्यवस्था नवरात्रि तक निरंतर जारी रहेगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा फरसपाल, कारली, हारम चौक, पीडब्ल्यूडी वार्ड, रामदेव मंदिर, साईं समिति, साहू सदन, कन्या परिसर, नाकापारा, मंदिर परिसर, दुर्गा पंडाल, सलवा जुडूम कैंप, नव जागृति दुर्गा समिति, पातररास, सातधर, शिव मंदिर, नकुलनार तथा मैलावाड़ा इन सभी जगह पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को नियुक्त किया गया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 156 बच्चों का पंजीयन

**उत्तर बस्तर कांकेर 8 अक्टूबर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएचएमएमआई नारायणा अस्पताल के वरिष्ठ बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर किंजल बक्शी द्वारा बच्चों की जांच एवं ईकोकार्डियोग्राफी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि चिरायु टीम द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी का भ्रमण कर बीमारियों की पहचान कर असामान्य स्थिति वाले बच्चों का उपचार किया जाता है, जिन बच्चों को गंभीर बीमारियां रहती हैं उन्हें आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय उपचार रायपुर एवं अन्य जगह आयुष्मान से अनुबंधित अस्पतालों द्वारा किया जाता है।

उक्त शिविर में 156 बच्चों का पंजीयन किया गया, जिसमें 39 संदेहास्पद हृदय रोग के बच्चों का बच्चों का ईको टेस्ट किया गया। 16 बच्चां को हृदय रोग के सर्जरी हेतु चिन्हांकित किया गया। इसी तरह 07 अस्थिसंबंधी, 08 नाक कान गला संबंधी, 08 बधिरता संबंधी एवं अन्य सेवाएं टीम द्वारा दी गई। शिविर में अस्पताल अधीक्षक डॉ विमल भगत एवं अस्पताल के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ की अहम भूमिका रही, साथ ही सभी विकासखण्ड की चिरायु दल एवं जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य उपस्थित थे।

### चिराग परियोजना के तहत पोषण सखी के रूप में चयनित महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 8 अक्टूबर।** प्रदेश में कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं



आई.एफ.ए.डी. के सहयोग से ''चिराग परियोजना'' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिये संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। इस क्रम में आज इन चयनित महिलाओं को ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकी सहयोगी संस्था पी.सी.आई. के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उप संचालक कृषि विभाग कार्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का उददेष्य की जानकारी देते हुए कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में परस्पर संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता,तथा सामाजिक व्यवहार परिवर्तन में जागरूकता, के लिए मास्टर टेऊनर श्री भीषम लाल देशमुख, पीसीआई सुश्री ज्योति वर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

# ग्राम पंचायत स्तर पर होगा आवास मेला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 8 अक्तूबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में आवास के नोडल अधिकारियों, जनपद सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, तकनीकी सहायक, और अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति थे।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने बैठक के दौरान कहा कि पूर्व में किए गए प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और सभी नोडल अधिकारियों के सहयोग से स्वीकृत सभी आवास निर्माण में प्रगति होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि आवास निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहें और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें। इसके अलावा, आवास निर्माण में आवश्यक सामग्रियों की समय पर उपलब्धता के लिए सभी सम्बंधित व्यक्तियों से समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए और इच्छुक राजमिस्त्रियों को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि निर्माण कार्य तेजी से हो सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वीकृत आवास कार्यों को पुरा करने के दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करें और सुनिश्चित करें कि सभी निर्माण कार्य समय पर पूरे हों। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि जिले में 4500 से अधिक लाभार्थियों को योजना के तहत प्रथम किस्त जारी की जा चुकी है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने और ग्रामवार आवास मेला आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी हितग्राहियों को आवास योजना का समय में पूरा लाभ मिल सके।

## एक नजर

### अच्छे व्यवहार, मधुर वाणी एवं विश्वास से बढ़ता है व्यापार:गोमती साय



**पत्थलगांव, 8 अक्टूबर**। व्यापार चलाने के लिए संबंध व्यवहार वाणी के साथ संस्था का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। सी.डी.ज्वेलर्स तीन पीढियों से इस विश्वास पर खरी उतर रही है। स्व.चेतनदास अग्रवाल के बाद स्व.करमचंद अग्रवाल एवं अब उनके पुत्र सावन अग्रवाल द्वारा विश्वास की इस परंपरा को कायम रखते हुये संस्था का नाम आस-पास के क्षेत्रो मे प्रसिद्ध किये है। यह बातें सी.डी. ज्वेलर्स के लक्की ड्रा मे पहुंची क्षेत्रिय विधायक गोमती साय ने कही थी,दिन रविवार की शाम अग्रसेन भवन मे सी.डी.ज्वेलर्स के संचालक सावन अग्रवाल ने अपने ग्राहको के लिए मेगा लक्की ड्रा का आयोजन किया था,जिसमे बतौर मुख्य अतिथी विधायक गोमती साय पहुंची थी,विशिष्ट अतिथी के रूप मे जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल,अग्रवाल सभा के सरंक्षक राजेन्द्र अग्रवाल,रामलाल अग्रवाल,पवन अग्रवाल,अशोक अग्रवाल,प्रेस क्लब के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी मौजुद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग द्वारा किया जा रहा था। मुख्य अतिथीयों की अगुवाई मे कार्यक्रम की शुरूवात की। मेगा लक्की ड्रा मे प्रथम पुरस्कार कार रखी गयी थी,जिसकी विजेता गीता राठिया रैरूमा जिला रायगढ रही। इसी तरह दूसरा तीसरा एवं अन्य पुरस्कार भी निकाले गये,जिसके विजेता विभिन्न जगह से थे। संस्था के संचालक सावन अग्रवाल ने बताया कि वे पिछ्ले पांच सालो से अपने यहा से सोने चांदी के आभूषण खरीदने वाले ग्राहको के लिए मेगा लक्की ड्रा का आयोजन कर रहे थे,जिसमे प्रत्येक वर्ष उनकी संस्था द्वारा प्रथम ईनाम के तौर पर ग्राहक को कार दी जाती है,उन्होने बताया कि सी.डी. ज्वेलर्स मे हॉलमार्क के गहनो की विशाल उपलब्ध है,हॉलमार्क गहने बेचने की शुरूवात उन्होने 2018 मे की थी।

### मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने फिर एक ग्रामीण की हत्या कर दी



**भोपालपटनम, 8 अक्टूबर** । पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर नक्सलियों ने की ग्रामीण की निर्मम हत्या। बामनपुर पंचायत के पोषणपल्ली गांव के दुब्बापारा में कन्हैया ताटी (55) को उतारा मौत के घाट। नक्सलियों ने हत्या कर शव को दुबबा पारा स्कूल के पास रखा और शव के पास डाले पर्चे। पर्चे में नक्सलियों ने कन्हैया को 2008-09 से पुलिस का मुखबिर बनकर काम करने का आरोप लगाया है। नक्सलियों की मद्देड एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है। मिली जानकारी के मुताबिक परिजनों ने थाने में सूचना दे दी है।थाना भोपाल पटनम द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### एमएसपी ने बिना कारण महिला मजदूरों को निकाला

**रायगढ़, 8 अक्टूबर**। जामगांव मनुवापली स्थित एमएसपी स्टील प्लांट में काम करने वाली सैकड़ों महिला मजदूरों को अचानक बिना किसी कारण काम से बेदखल कर दिया गया है जिससे आक्रोशित महिलाएं अब प्लांट के गेट पर जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं। यह घटना तब सामने आई जब महिला मजदूर आज सुबह अपने नियमित काम पर पहुंची, लेकिन उन्हें कंपनी के गेट पर ही रोक दिया गया। बाद में पता चला कि इन्हें बिना किसी कारण काम से निकाल दिया गया है।

महिला मजदूरों का आरोप है कि उन्हें अचानक और बिना पूर्व सूचना के नौकरी से निकाल दिया गया हैए जो कि सरासर अन्याय है। बड़ी संख्या में महिलाएं अब एमएसपी स्टील के गेट पर जुटकर प्रदर्शन कर रही हैं और प्रबंधन से अपनी नौकरी बहाल करने की मांग कर रही हैं। इन महिलाओं का कहना है कि जब तक उन्हें वापस काम पर नहीं लिया जाताए तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।महिला मजदूरों को काम से बेदखल किए जाने के पीछे क्या कारण हैए इस पर कंपनी की ओर से अब तक कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि बिना किसी वैध कारण के उन्हें नौकरी से हटाना उनके साथ अन्याय है। महिला मजदूरों की मांग है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से काम पर वापस रखा जाए और इस बेदखली के पीछे के कारणों को सार्वजनिक किया जाए। उनका कहना है कि यह मामला केवल नौकरी से निकाले जाने का नहीं है, बल्कि उनके और उनके परिवारों की आजीविका का सवाल भी है एमएसपी स्टील के गेट पर महिलाओं का प्रदर्शन लगातार जारी है और इस घटना ने इलाके में हलचल पैदा कर दी है। प्रशासनिक हस्तक्षेप की भी संभावनाएं नजर आ रही हैं, लेकिन फिलहाल जिला प्रशासन और कम्पनी प्रबंधन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण मामला और गरमाता जा रहा है।

### जेल में परिरूद्ध बंदियों की औषधि के लिए वार्षिक मांग पत्र भेजा जाता है

**रायगढ़, 8 अक्टूबर**। जिला जेल रायगढ़ दवाई/औषधि खरीदी के संबंध में खबरे समाचार प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में सहायक जेल अधीक्षक जिला जेल रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय जिला जेल रायगढ़ द्वारा शहर के किसी भी निजी संस्थान अथवा व्यक्ति विशेष से बंदियों के उपयोग में लाये जाने वाले दवाई/औषधि की मांग लिखित अथवा मौखिक में नहीं किया गया है न ही किसी निजी संस्थान से औषधि लिया गया है।

जिला जेल रायगढ़ में परिरूद्ध बंदियों के लिये औषधि हेतु वार्षिक मांग पत्र महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर को भेजा जाता है । खरीदी पश्चात् मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्रदाय किया जाता है।

# राशि व त्रिभुवन के नेतृत्व में महामाया को चढ़ाई की गई 51 मीटर की चुनरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद**। सोमवार शाम 6 बजे शहर के हाईस्कूल परिसर में आयोजित गरबा स्थल से नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में गरबा आयोजन समिति द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। आयोजन स्थल से गाजे-बाजे, भक्तिमय गीतों और आतिशबाजी के साथ आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ सैंकड़ो की संख्या में महिलाएं चुनरी यात्रा में शामिल हुई। यात्रा हाईस्कूल मैदान से मुख्य मार्ग स्वामी, अंबेडकर चौक से होते हुए नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर पहुंची जहां माता को 51 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई। यात्रा में माता के नव रूप में बालिकाएं नजर आई जो आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान जगह-जगह पर जमकर आतिशबाजी हुई।

## नगर के दुर्गा पंडालों में जाकर विधायक गोमती साय ने जगत जननी का लिया आशीर्वाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 8 अक्टूबर**। शहर मे सात से भी अधिक जगहो पर मां जगत जननी के आकर्षक पंडाल बनाकर माता को विराजमान कराया गया है। सुबह शाम की आरती के दौरान हजारो की संख्या मे लोग मां के दरबार मे पहुंचकर आर्शीवाद ले रहे है। दिन रविवार की देर शाम स्थानीय विधायक गोमती साय भी मां के सभी पंडालो मे पहुंचकर मां का आर्शीवाद लिया,उन्होने पंडालो मे जलाये गये ज्योति कलश के दर्शन कर प्रदेश एवं विधानसभा की खुशहाली एवं समृद्धि मांगी। दिन रविवार को नवरात् के चौथे दिन सभी पंडालो मे मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जा रही थी,यहा के मंडी प्रांगण मे प्रयागराज से पहुंचे पं.कपिल शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा करायी जा रही है। दिन रविवार को मां कुष्मांडा की पूजा भी उन्होने अनेक नयी विधियो से करायी,इस दौरान विधायक गोमती साय भी वहा मौजुद रही। अंबिकापुर रोड मे विराजमान हिंगलाज मां का भी विशेष श्रृंगार के साथ विशेष पूजन किया गया।।

### भूतपूर्व सैनिकों के लिए चिकित्सा शिविर 9 को

**रायगढ़, 8 अक्टूबर**। रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिकों/सैन्य विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया रायपुर (आर्मी)के सहयोग से 9 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के सृजन हाल में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विनायक नेत्रालय रायपुर, ईसीएचएस पाली क्लीनिक बिलासुपर, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा कार्यालय रायगढ़ एवं डॉ.नीलम भगत रायगढ़ द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण एवं चश्मा प्रदान किया जाएगा।

## युवा स्वयं नशे से दूर रहें और परिजन को भी दूर रखें:कलेक्टर



**महासमुंद,8 अक्टूबर**। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 7 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर बसना में आयोजित राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने उद्घाटन समारोह में स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। यह शिविर महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कूड़ो संघ महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 9 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि ज़िले में विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को गतिविधियों में शामिल कराने कार्य किया जा रहा हैं, इस क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए लगातार गतिविधियां संचालित किया जा रहा हैं। खास कर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खुद नशे से दूर रहें और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी नशामुक्ति की ओर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है, और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने बसना और सरायपाली में नशामुक्ति केंद्र खोलने को कहा। इस दौरान कलेक्टर द्वारा सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति एवं पोषण शपथ दिलाई गई। साथ ही कलेक्टर लंगेह ने विद्यालय प्रांगण में पाम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे। शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास समीर पांडेय ने बताया कि बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ थीम को लेकर जिले में विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सही पोषण का संदेश देते हुए लोगों को जागरुक करने कहा गया। खेल अधिकारी ने आयोजन के विषय में बताते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता, खेलकूद व विभिन्न जागरूकता रैली अयोजित कर लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिले में कार्य कर रहे हैं। इस दौरान एसडीएम बसना रवि राज साहू, तहसीलदार बसना अर्पण कुर्रे, परियोजना अधिकारी बसना चंद्रहास नाग, ग्राम पंचायत सरपंच भंवरपुर हेमबाई पटेल, उपसरपंच मनप्रीत कौर, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर बसना कमल स्वर्णकार, लिलाकांत पटेल उपस्थित रहे।कलेक्टर लंगेह ने राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जिलों के मुख्य प्रशिक्षक को जिसमें रघुनाथ नेताम, छेदीलाल साहू, डिजेंद्र कुर्रे, संजय पंडा, उपेंद्र प्रधान, धनुर्जय चौधरी, अखिलेश आदित्य, रवि पाण्डेय, मीरा पंडा, बालाराम रावत, भगवती बांधे, जगन्नाथ साहू, अश्वनी कुमार, राजेश चक्रधारी, दलेश राणा, राकेश साहू, दीपक निषाद, धनीराम निराला, खेलावन, सरोजिनी खटकर, दिलीप सोनवानी, केशव बारीक, बी पी देवांगन, संजना साहू, साजन नेताम, रतन सिंह, दीपक दुबे, उमा दास, खेलबाबू निराला, स्वर्णक राणा, खेमराज साहू ,वीरेंद्र कर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष काता, कुमिते व नान चाकू का प्रदर्शन किया।

## थाना तर्रेम एवं मिरतुर पुलिस ने 4 माओवादियों को किया गिरफ्तार





**बीजापुर,8 अक्टूबर**। थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 29/09/2024 को डिमाइनिंग ड्यूटी के दौरान माओवादियों के द्वारा लगाए गए द्धश्वष्ठ को निष्क्रिय करने के दौरान विस्फोट होने से घटना में 05 जवान घायल हो गये थे। दिनांक 07/10/2024 को थाना तर्रेम, एसटीएफ, कोबरा 210, केरिपु 153/ई, 168/डी की संयुक्त टीम द्वारा चिन्नागेलुर से घटना में शामिल पुसबाका आरपीसी अन्तर्गत जनमिलिशिया कमाण्डर आयतु ओयाम ऊर्फ मुन्ना आयतु पिता मंगलू ओयाम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोत्तागुड़ा बिटिलपारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर को पकड़ा गया । थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत फुलादी के जंगलो में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी एवं थाना मिरतुर का बल अभियान पर निकला था। अभियान के दौरान फुलादी और तड़केल के मध्य जंगल से 03 भूमकाल मिलिशिया सदस्यों को विस्फोटक के साथ पकड़ा गया 1 सुखराम पोडियाम पिता स्व0 बदरू पोड़ियाम उम्र 32 वर्ष निवासी हकवा मुसीरपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर 2.मनीराम इरपा ऊर्फ ताड़खूटा पिता स्व0मंगू उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी हकवा पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर 3.लछिन्दर पोड़ियाम ऊर्फ आयतू पिता स्व0बुधराम उम्र 35 वर्ष निवासी हकवा मुसीरपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुरपकड़े गये मओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादी लम्बे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है । पकड़े गये उक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना तर्रेम एवं थाना मिरतुर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

### निगम के पूर्व महापौर जेठूराम मनहर ने कांग्रेस को कहा अलविदा

**रायगढ़, 8 अक्टूबर**। नगरनिगम के प्रथम महापौर जेठूराम मनहर ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नाम प्रेषित इस्तीफे की कापी उन्होंने सोशल मीडिया में भी पोस्ट किया है। कांग्रेस के प्रथम महापौर जेठूराम मनहर के पार्टी से इस्तीफे की खबर सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देने के लिए कोई कारण स्पष्ट नहीं किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस से छुट्टी ले ली। रायगढ़ नगर निगम के पूर्व महापौर जेठूराम मनहर बीते कुछ वर्षों से पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं की कार्यशैली से नाराज चल रहे थे। हालांकि उन्होंने अपने इस्तीफे में ऐसा कोई कारण का उल्लेख नहीं किया है। जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वे आगामी नगरनिगम चुनाव से पहले किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल हो सकते हैं।इस संबंध में उनका कहना है कि वे फिलहाल किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहें हैं। उन्होंने कहा है कि वे लंबे अर्से से कांग्रेस में रहकर जनता की सेवा करते रहें हैंए कांग्रेस से अलग हो कर भी वे जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी छोडने़ के बाद भी राजनीति में बने रहेंगे।मसलन माना जा रहा है कि पूर्व महापौर कांग्रेस से अलग हो राजनीति में बने रहना चाहते हैंए ऐसे में देखना होगा कि आने वाले दिनों में वे क्या निर्णय लेते हैं।

## जवानों ने कृषि, कौशल विकास व जल संरक्षण के लिए बच्चों तथा युवाओं को जागरूक किया



**बीजापुर,8 अक्टूबर**। भारत सरकार की मीडिया प्लान स्कीम 2024-25 के तहत 229वीं वाहिनी केरिपुबल ने कृषि संबंधित, जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास, जल संरक्षण, ऑरगेनिक खेती, दाल एवं मिलैट्स की खेती तथा जलवायु संरक्षण आदि विषयों पर 229वीं वाहिनी के.रि.पु. बल मुख्यालय एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र बीजापुर, छत्तीसगढ में कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 07/10/2024 को किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिलगेर, फुटकेल, मुरदण्डा और इसके आस-पास के ग्रामीण इलाकों के बच्चों और युवाओं ने बड़े जोश के साथ भाग लिया ।उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर जानकारी देने के लिए कृषि विभाग के वरिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरूण शकणी, प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ दिनेश वरापी, सहायक कृषि संचालक कृष्ण कुमार सिन्हा और संबंधित सहकर्मी द्वारा उपरोक्त विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लगभग 150 से अधिक बच्चों एवं नवयुवक मौजूद रहे जिसमें सिलगेर से 40 से 50, फुटकेल एवं चिल्कापल्ली से 50 से 55, मुरदण्डा से 40 से 50, बच्चों और युवाओं ने भाग लिया। विदित है कि वर्तमान में ग्रामीण लोग खेती कार्य मे व्यस्त हैं, फिर भी अत्यधिक संख्या में युवकों ने समय निकालकर भाग लिया जो बदलते परिवेश एवं बढ़ती राष्ट्रीय विचारधारा को दर्शाता है । उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान कमाण्डेंट 229वीं वाहिनी के कमाण्डेंट श्री चंदमबॉबी सिंह, के द्वारा बच्चों एवं युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया साथ ही नाश्ते एवं बड़े खाने की व्यवस्था की गई ।कार्यक्रम का आयोजन 229 वीं वाहिनी के कमाण्डेंट श्री चंदम बॉबी सिंह, के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान 229वीं वाहिनी के द्वितीय कमाण अधिकारी आरची एंथनी माहो, और श्रीमति वर्षा अरूण शर्मा सहायक कमाण्डेंट, वाहिनी के सुबेदार मेजर की ड्युटी का निर्वहन कर रहे निरीक्षक/जीडी योगेन्द्र प्रताप सिंह और 229वीं वाहिनी के अन्य अधीनस्थ अधिकारी और जवानों की मौजूदगी में सफल बनाया गया उरोक्त कार्यक्रम की बड़ी सफलता 229 वीं वाहिनी की बीजापुर क्षेत्र में जनता के बीच लोकप्रियता को दर्शाता है।

## 263 करोड़ रुपयों की सौगात दिए जाने पर भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया



**बीजापुर,8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। बीजापुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बीजापुर दौरे के दौरान बीजापुर जिले को 263 करोड़ रुपयों की सौगात दिए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का आभार प्रकट किया है। श्रीनिवास रेड्डी ने जारी अपने विज्ञप्ति में कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के बीजापुर जिले को दिए गए 263 करोड़ रुपये की सौग़ात से बीजापुर जिले का चौमुखी विकास होगा। इसके साथ ही भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने अपने विज्ञप्ति में यह भी कहा कि बीजापुर में जिला अस्पताल को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर की घोषणा, विशेषज्ञ चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जोड़ने, बीजापुर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, भोपालपटनम में 132 केव्ही की विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, 33 नए स्कूल खोलने, केंद्रीय पुस्तकालय की घोषणा किए जाने के साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने की घोषणा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का बीजापुर जिले वासियों की ओर से आभार प्रकट किया है।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का कलेक्टर ने किया उत्साहवर्धन



**बीजापुर,8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में तैराकी के अंडर 14, 17, 19 वर्ष आयु समूह में बालक-बालिका का राजनांदगांव में 3 अक्टूबर 2024 से 6 अक्टूबर 2024 तक आयोजित क्रीडा प्रतियोगिता में हुई। जिसमें बस्तर संभाग के 13 बालिका और 14 बालक भाग लिए जिसमें अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बस्तर संभाग के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा तैराकी में कुल 9 पदक हासिल हुए जिसमें से बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के 6 बालिका अंडर 14 गुंजन कोरसा, सपना कोरसा अंडर 17, साधना पोरतेटी, अक्षिता तोड़ेम अंडर 19 सानिया कुड़ियम, सरिता पुनेम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024 तैराकी के लिए हुआ जिसमें इन्होंने अंडर 17 में साधना पोरतेटी बीजापुर, 50मी. फ्रीस्टाइल में सिल्वर मेडल, 50मी बटरफ्लाई सिल्वर मेडल, 200मी इंडिविजुअल मिडले सिल्वर मेडल, 200मी ड्रेस स्टॉक ब्रोंज मेडल इस तरह कुल चार पदक हासिल किया। इसी तरह अक्षिता तोड़ेम बीजापुर 400 मी फ्रीस्टाइल में सिल्वर मेडल और 200 मी. फ्रीस्टाइल ब्रोंज मेडल के साथ कल दो पदक हासिल की। दामिनी कुंजाम कांकेर 50मी बैक स्ट्रोक ब्रोंज मेडल, पप्पू सेठिया कोंडागांव 50 मीटर फ्रीस्टाइल ब्रॉन्ज मेडल, अंडर-19 बालक सोमारु कोरमा कोंडागांव 100 मीटर बैकस्ट्रोक में ब्रोंज मेडल। इस तरह बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा खेल अधिकारी श्री नारयण प्रसाद गवेल, तैराकी प्रशिक्षक दिप्ती वर्मा के प्रयासों को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करते हुए बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी का नाम रोशन किया। कलेक्टर ने बीजापुर के सभी सफल खिलाड़ियों को बेहतर परिणाम लाने के लिए उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कार्यशाला कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई



**बीजापुर,8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं ट्रांसफार्म फॉर लॉ एंड डेवलपमेंट के सहयोग से कराया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि बिना झिझक अपने अधिकार और स्वयं के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार का खुलकर बात रखनी होगी कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न एवं रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के सभी प्रावधानों की अच्छी तरह से जानकारी होना आवश्यक है तभी स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं।महिलाओं के साथ-साथ पुरूषो को भी इस अधिनियम की जानकारी होने से कई बड़े दुष्परिणाम से बचा जा सकता है। कलेक्टर ने कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताए गए सभी जानकारियों को एकाग्र होकर सुनने और अपने मन में उठने वाले सभी प्रश्नों को खुलकर पूछने एवं जवाब से संतुष्ट होने के लिए कहा।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स श्रीमती मोनिका पीएलडी एवं सुश्री दिव्या नेगी द्वारा पीपीटी, शार्ट फिल्म के माध्यम से विभिन्न उदाहरणों, घटनाओं के प्रस्तुतिकरण किया गया कि किस तरह महिलाएं यौन उत्पीड़न का शिकार होती है इससे बचने के लिए स्वयं को कैसे सक्षम किया जाए। महिला और पुरूष की समाज में समानता, कर्तव्य स्थल पर समानता अधिनियम नहीं बनने के पहले क्या स्थिति रही। इस अधिनियम का प्रयोग कब और कैसे किया जाए इन सभी विषयों पर संवाद स्थापित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित महिला कर्मचारियों से सवाल-जवाब भी किया गया। घर, परिवार, समाज एवं कार्यस्थल पर लैगिंग समानता को बढ़ाने आवश्यक चर्चा हुई। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, श्री दिलीप उईके सहित विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### डबल इंजन सरकार में बीजापुर विकास की ओर अग्रसर



**बीजापुर,8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। जिले के आईटी सेल सहसंयोजक जिला बीजापुर के, जी, सुधाकर ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, बीजापुर दौरे के दौरान बीजापुर जिले को 263.53 करोड़ रूपों की सौगात दिए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु व्यवसाय जी का आभार प्रकट किया है। के, जी, सुधाकर जी, ने बीजापुर जिले के लिए डबल इंजन की सरकार में विकास होगा।

बीजापुर जिले वासियों के लिए बड़ी सौगात -बीजापुर में जिला अस्पताल को 100 बिस्तर से बढ़कर 220 तक की घोषणा विशेषज्ञ चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जोड़कर बीजापुर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, विकासखंड भोपालपटनम में 132 केव्ही की विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, 33 नहीं स्कूल खोलने, केंद्रीय पुस्तकालय की घोषणा किए जाने के साथ ही आवाज से विद्यालय और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने की घोषणा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साईं जी का बीजापुर जिले वासियों की ओर से आभार प्रकट किए हैं।

## रामलीला में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति, आरती में शामिल हुए धार्मिक संस्थान

# शबरी प्रसंग, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध का भव्य मंचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 8 अक्टूबर।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा में 105 वर्ष का मंचन जारी है जिसके चौथे दिन की लीला में मार्मिक शबरी प्रसंग, मनमोहक राम सुग्रीव मित्रता की लीला एवं बालिवध की शानदार लीला के साथ हनुमान जी के लंका जाने के लिए उड़ने तक की लीला का शानदार एवं भव्य मंजन किया गया। जिसमें काफी ज्यादा दर्शकों की भीड़ जुटी जिनके तालिया ने कलाकारों का मनोबल बढ़ाया एवं भव्य प्रस्तुतियों की सराहना की।

शबरी के रोल में आयुष तिवारी ने शानदार अभिनय किया वही लव शर्मा ने हनुमान जी के पाठ के जोशीले अभिनय ने लोगों में उत्साह भरा, बाली सुग्रीव के रोल में सागर जायसवाल एवं काव्यांश शर्मा नजर आए। साथ ही अन्य किरदारों ने चौथे दिन की लीला प्रस्तुति में अपने कला की छटा बिखेरते हुए रंग भरा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली के चौथे दिन के मंचन पर भगवान श्रीराम की आरती में भाटापारा शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें जय भोले कांवरिया संघ, संगीतमय सुंदरकांड समिति, यज्ञ आयोजन समिति, पंचमुखी सुंदरकांड समिति एवं रामाश्रय परिवार शामिल रहे। मोहन केसरवानी ने इस अवसर पर आयोजन कर्ताओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। रविंद्र शर्मा ने यज्ञ आयोजन समिति की तरफ से 11000 रुपये की सहयोग राशि प्रतिवर्ष आदर्श रामलीला नाटक मंडली को देने की प्रतिबद्धता जताई। अंत में रवि गुप्ता ने कलाकारों के पालकों को बहुत-बहुत बधाई दी शुभकामनाएं दी।

आभार व्यक्त किया कि वह लोग अपने बच्चों को रामलीला तीन से चार महीने पहले से भेजते हैं जिससे यह मंचन सफल हो पता है। इस अवसर पर रामलीला नाटक मंडली के संरक्षक मंडल के सदस्य सत्यनारायण जोशी सहित अशोक तिवारी भी उपस्थित थे। बाद में रामलीला में कार्य करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

# भखारा में नवरात्रि की धूम




**रायपुर, 8 अक्टूबर।** 1. इंदिरा नगर कुरूद, 2. नया बाजार चौक कुरूद, 3. धोबनी पारा कुरूद, 4. गांधी चौक कुरूद, 5. कारगिल चौक कुरूद, 6. थाना चौक कुरूद, 7. सूर्य नमस्कार चौक कुरूद, 8. पुरानी कृषि मंडी कुरूद, 9. बजरंग चौक कुरूद., 10. पुराना बाजार चौक कुरूद, 11. संजय नगर कुरूद, 12. सरोजनी चौक कुरूद।

**सौजन्य - मुकेश कश्यप कुरुद**

## एक नजर

### ग्राम खैरझिटी, ओनवा में धूमधाम से मनाई गई पंचमी



**छुरा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम खैरझिटी ओनवा में शारदीय नवरात्रि में दुर्गा उत्सव एवं शीतला माता मंन्दिर में ज्योति प्रज्वलित किया गया है। ग्रामीण भक्त जन बड़े ही हर्षोल्लास विधिविधान से सुबह शाम माता की सेवा आरती किया जा रहा हैं।इस बीच छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनिताराम ठाकुर ने नवरात्रि के पंचमी के दिन दुर्गा पंडाल एवं शीतला माता की मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर परिवार समाज एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा और आस्था के ज्योति मनोकामना ज्योति भी जलाया गया है।इस मौके ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बाबुलाल ध्रुव, उपाध्यक्ष भगवान सिंह ध्रुव, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, सचिव प्रेमचंद यादव, संरक्षक तुलसीराम, बलीराम ठाकुर, ग्राम पटेल मनोहर ध्रुव, सदस्य खेमराज ध्रुव,सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए गरबा उत्सव में



**छुरा, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा तिल्दा नेवरा में आयोजित गरबा महोत्सव में सम्मिलित होकर नवरात्रि के उल्लासमय आयोजन का आनंद लिया। इस दौरान राजस्व मंत्री तिल्दा नेवरा में विभिन्न माता के कार्यक्रमों में समल्हित हुए माता के जगराता में माता के भजनों में भक्तों के साथ मंत्री जी भक्ति मय होकर भजनों का आनद लिया नगर में इस बार हर वर्षो की तरह जगह जगह माता के पंडाल बनाए गए है पूरे नवरात्रि में माता के भजनों से तिल्दा नेवरा भक्ति में डूब गया है दूर दराज ग्रामीण अंचलों से आने वाले भक्तो के लिए पेयजल ओर भंडारे की भी भक्त व्यस्था की है नेवरा नगर से लेकर स्टेशन चौक सिमगा मार्ग खरोरा मार्ग आदि क्षेत्रों में भंडारे माता के प्रसाद की भक्त अपने अपने स्तर पर कर रहे है। मावली मंदिर तिल्दा और नेवरा के प्राचीन मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़ दूर दूर से माता देवालयों में भक्त आ रहे है इस तरह नेवरा हाई स्कूल मैदान गांधी चौक सुभाष चौक सिंधी कैंप आदि सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति यो के पंडालों में भक्तो की भीड़ बढ़ रही है।

## ग्राम तुरमा में श्रृंगार कलश यात्रा का भव्य आयोजन

# शक्ति की भक्ति में डूबे अंचलवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 8 अक्टूबर।** ग्राम तुरमा में गांव की प्रधान देवी, कुलदेवी महामाया देवी के श्रृंगार कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कलश यात्रा कार्यक्रम में गांव में चार स्थानों पर विराजमान देवी माता जिनके चारों स्थान का नाम अलग-अलग है जो की पूरे गांव में ही चार शक्ति पीठ के रूप में दर्शन होता है।

प्रथम नंबर में डोंगरगढ़ चौक, बंजारी चौक, रतनपुर महामाया चौक एवं रामलीला चौक। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे पुराना दुर्गा समिति रतनपुर महामाया समिति है जहां पर लगभग 1995-96 से गांव में दुर्गा माता विराजमान कर रही है। उसके बाद दो अन्य स्थानों की देवी मां की स्थापना सन 2005 से चली आ रही है। कार्यक्रम की शोभा जस सेवा पचरा को गाते हुए सेवक जनों के सुंदर गीतों से बहुत ही मनमोहक रहा। सेवा समिति के अध्यक्ष चिंताराम पाल, उपाध्यक्ष पंचराम पाल, संरक्षक फिरंताराम पाल, चुनगुराम पाल, ललित यादव, महेश निषाद एवं समस्त सदस्य बड़ी धूमधाम से माता के जस पचरा को गाते हुए महामाया मां के मंदिर को गए जहां गांव के बैगा ननकु निषाद, डोंगरगढ़ चौक के पंडा पुनीत यादव एवं समेंलाल निषाद, बंजारी चौक के पंडा श्रीराम पाल एवं हेकराम पाल, रतनपुर महामाया चौक के पंडा भागीरथी ध्रुव एवं राधे निषाद एवं अन्य ग्राम वासियों के सहयोग से महामाया देवी का सिंगार का कार्यक्रम बहुत ही अच्छे से संपन्न हुआ। गांव में इस प्रकार का प्रथम शुरुआत से गांव में रौनकता है साथ ही साथ आने वाले भविष्य के लिए यह एक परंपरा बनेगी और प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की श्रृंगार कलश यात्रा गांव के कुलदेवी के लिए होगा। सभी ग्रामवासी इस कार्यक्रम के सफल हो जाने से प्रसन्न है।

कार्यक्रम के रूपरेखा सर्वप्रथम ग्राम तुरमा के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व के पीएचडी शोधार्थी तीजराम पाल के नेतृत्व में यहां एक अच्छी पहल गांव के सभी लोगों के बीच में किया गया जो की एक मूर्त रूप में संपन्न हुआ। अपने मातृभूमि की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है और नवरात्रि में सबसे बड़ी उपासना यही है। गांव के बड़े बुजुर्ग विशेष पाल, नाथूराम यदु, बेदराम यदु, फिरत पाल, सुधाराम पाल, गांव के उप सरपंच मिट्ठू लाल पाल, ग्राम के रोजगार सहायक नंदलाल पाल, आनंदराम पाल, सुधेराम ध्रुव, भरत ध्रुव, श्री बिरसिंग ध्रुव, दौलत ध्रुव, परस ध्रुव एवं गांव के समस्त नागरिकों ने कार्यक्रम की बहुत ही अच्छी सराहना किया। भविष्य में इस प्रकार के अच्छे कार्य होते रहेंगे ऐसा सभी का विश्वास है। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ बहुत ही खुशी की बात है।

## विस अध्यक्ष डॉ. सिंह व सांसद बृजमोहन का आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, 8 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित निजी हॉस्पिटल के शुभारंभ समारोह में पहुँचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का स्थानीय हैलीपैड पहुँचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष नंद कुमार साहू, छ.ग. स्काउट गाइड जिला प्रतिनिधि डॉ.अजय राव, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट एवं प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# कुरूद दशहरा महोत्सव में चौथे दिन पत्रकारों का सम्मान

## दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति ने मोहा मन, खूब बटोरी तालियां



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 8 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि के चौथे दिवस की संध्या में कुरूद दशहरा महोत्सव 2024 के तहत लोक कला मंच दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव थे। अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथियों मे पत्रकारों में कृपाराम सिन्हा, अजय केला, गणेश साहू, रवि शर्मा, भुनेश्वर साहू, गोकुलेश सिन्हा, चंदन शर्मा, दीपक साहू, श्रवण साहू, मुकेश कश्यप, दिलीप साहू, पामेश देवांगन, दिलीप जादवानी, घनश्याम साहू, प्रदीप गंजीर, मोहम्मद रसीद, सुरेश साहू, नीलम साहू, छत्रपाल साहू, बंटी सिन्हा, कैलाश टांडे, राजेश रात्रे, युगल किशोर साहू, खिलेश्वर साहू, दिग्विजयसिंह, प्रीतम टण्डन, थानेश्वर साहू, मोहन, ज्ञान देव, पवन निषाद, राजू साहू सहित कुरूद, भखारा, मेघा, सिरी के पत्रकार बंधु बड़ी संख्या शरीक हुए।

अतिथि उद्बोधन के क्रम में कृपाराम यादव, भुनेश्वर साहू सहित पत्रकारों ने इस सम्मान के लिए महोत्सव के लिए धन्यवाद दिया और महोत्सव के अब तक के सफर को शानदार बताते हुए इससे जुड़े लोगो को याद कर इसे कुरूद नगर के लिए ऐतिहासिक बताया, सभी ने भानु चंद्राकर के इस प्रयासों की तारीफकी। इसके उपरांत दशहरा महोत्सव समिति द्वारा समस्त मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं दुष्यंत हरमुख को रजत जयंती अवसर पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत उनके कलाकारों की मनभावन प्रस्तुति प्रारंभ हुई, जिसमे मधुर स्वर से दीप जितने वाली कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीतों से दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान लोकगायिका रिंकी देवांगन ने अपनी मधुर आवाज से सबका दिल जीतते हुए देर रात तक समा बांधे रखा।इस दौरान जसगीत, गौरी गौरा, विवाह गीत, पंथी, बस्तरिहा, करमा, सुआ, ददरिया से जुड़े गीत सहित एक से बढ़कर मनभावन गीतों की श्रृंखला की प्रस्तुति हुई।जसगीत और गौरी, गौरा गीतों के दौरान कई बार माताओं का आगमन हुआ, जिससे वातावरण में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अन्त में रिंकी देवांगन को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए महोत्सव समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

आभार प्रदर्शन करते हुए महासचिव भानु चंद्राकर ने कहा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक मा. अजय चन्द्राकर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शासन-प्रशासन के अधिकारियों, सहयोग देने वाले चिन्हित सहयोगियों, महोत्सव में नगर के समस्त शासकीय विभागों को प्रभारियों, महोत्सव सम्मिलित हुए समस्त अतिथियों, गणमान्य जनों सहित नगर- क्षेत्र की हजारो श्रद्धालुओं का आभार जताया और उन्होंने कहा कि हमारे महोत्सव समिति को दो कार्यक्रम और मिले हैं जिसमें सप्तमी 9 अक्टूबर को राजेश अवस्थी नाईट, अष्टमी 10 अक्टूबर को किरण शर्मा रायगढ़ द्वारा माता का जगराता कार्यक्रम सहित 6 अक्टूबर से लगातार 10 अक्टूबर तक महोत्सव में सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहे है कार्यक्रम का मंच संचालन महोत्सव के पदाधिकारी प्रभात बैस ने किया। कार्यक्रम मे उपस्थित महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, मोहन अग्रवाल, डूमेश साहू, सुनील चन्द्राकर, भारत भूषण पंचायन, खिलेंद्र देवांगन, किशोर यादव, खूबलाल चंद्राकर, भारत ठाकुर, दौलत ध्रुव, तुकेश साहू, योगेश चन्द्राकर, भूखन सेन, संजु चन्द्राकर, डब्बू निर्मलकर, केशव चन्द्राकर, वंश खत्री, तुलसी साहू, खिलेंद्र साहू एवं महोत्सव समिति के सदस्यों सहित हजारों के संख्या में श्रद्धालुजन सम्मिलित हुए।


न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुन्द

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम कनेकेरा निवासी आवेदक/आवेदिका गोकुल प्रसाद पिता स्व. सदाराम जाति गोंड द्वारा आवेदक/आवेदिका की माता जोहत्री बाई निवासी ग्राम कनेकेरा तहसील व जिला महासमुन्द की मृत्यु दिनांक 04/06/2022 को हो चुकी है तथा आवेदक/आवेदिका की माता जोहत्री बाई ध्रुव तहसील व जिला-महासमुंद की मृत्यु दिनांक 04/06/2022 को हो चुकी है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 10/10/2024 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार महासमुन्द

न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुन्द

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम कनेकेरा निवासी आवेदक/आवेदिका फुकलाल साहू पिता गुहाराम जाति तेली द्वारा आवेदक/आवेदिका की माता मिलापा बाई निवासी ग्राम कनेकेरा तहसील व जिला महासमुन्द की मृत्यु दिनांक 25.12.2022 को हो चुकी है तथा आवेदक/आवेदिका की माता मिलापा बाई पति गुहाराम तहसील व जिला-महासमुंद की मृत्यु दिनांक 25.12.2022 को हो चुकी है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 14/10/2024 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार महासमुन्द (छ.ग.)


## तिल्दा में 'चैतन्य देवियों की झांकी' का भव्य उद्घाटन

# प्रदर्शनी का उद्देश्य आत्मा व परमात्मा के संबंध को समझाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 8 अक्टूबर।** तिल्दा में 'चैतन्य देवियों की झांकी' का कल भव्य और विशेष आयोजन हुआ, जिसमें जीवित देवियों को देवी रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अद्वितीय झांकी के उद्घाटन समारोह में सुरक्षा बलों, पुलिस अधिकारियों और तिल्दा के प्रसिद्ध समाजसेवी व व्यवसायी महेश अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस अवसर को अपनी उपस्थिति से गरिमा प्रदान की।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज तिल्दा केंद्र की प्रभारी, प्रियंका दीदी ने मुख्य अतिथियों को चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस प्रदर्शनी में आत्म-परिचय, परमात्मा का परिचय, समय का आह्वान, माँ दुर्गा की 8 शक्तियाँ, और कुम्भकर्ण का आध्यात्मिक महत्व जैसे गूढ़ और आध्यात्मिक विषयों को बहुत ही सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। प्रियंका दीदी ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य लोगों को आत्मा और परमात्मा के बीच के गहरे संबंध को समझाना है, ताकि वे जीवन की सच्ची दिशा को जान सकें।

यह प्रदर्शनी विशेष रूप से नवरात्रि के अवसर पर आयोजित की गई है, जिसमें देवी दुर्गा की विभिन्न शक्तियों और उनके आध्यात्मिक महत्व को समझाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा, कुम्भकर्ण के चरित्र और उसकी नींद का आध्यात्मिक विश्लेषण भी इस प्रदर्शनी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो आगंतुकों के लिए बहुत ज्ञानवर्धक साबित हो रहा है।

प्रदर्शनी के साथ-साथ वहां आयोजित किए गए विभिन्न मनोरंजक खेल भी विशेष आकर्षण का केंद्र बने। इन खेलों में भाग लेकर लोग न केवल आनंदित हुए, बल्कि उन्होंने जीवन में संतुलन और धैर्य के महत्व को भी समझा।

यह प्रदर्शनी और झांकी 11 अक्टूबर तक चलेगी और इसका समय प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 9:45 बजे तक रहेगा। बड़ी संख्या में लोग इस झांकी का दौरा कर रहे हैं और नवरात्रि के इस अनोखे आध्यात्मिक स्वरूप को समझने और आत्मसात करने का प्रयास कर रहे हैं। तिल्दा में इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है और इसे लेकर लोगों में भारी उत्साह है।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रं. 2 जगदलपुर
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 2707/NIT-03/व.ले.लि./2024-25 — दिनांक 4/10/24

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | :- | 16.10.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :- | 23.10.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- | 24.10.2024 पूर्वान्ह 11.:30 बजे तक |
| ठेकेदार की श्रेणी | :- | द से अ श्रेणी हेतु |
| निविदा प्रपत्र की राशि | :- | रू. 750 एवं 1500/- |
| कार्य की अवधि | :- | दिनांक 28.02.2025 |

| एनआईटी क्रमांक निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) बैंक साल्वेंसी (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0020 | कोसा बीज प्रगुणन केन्द्र मसगांव विकासखण्ड बकावण्ड में टसर सीड प्रगुणन भवन का निर्माण। | 45.09<br>33850.00<br>676350.00 |
| T0021 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईच्छापुर जिला बस्तर में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्य। | 5.00<br>3750.00<br>75000.00 |
| T0022 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुंगारपाल जिला बस्तर में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कार्य। | 4.68<br>3550.00<br>7200.00 |

टीपः- अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग क्र. 2
जगदलपुर

जी- 242502985/4

## एक नजर

### पुलिस ने 9 करोड़ की चांदी की जब्त

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** त्योहारी सीजन से पहले राजधानी रायपुर में बड़ी तस्करी का खुलासा हुआ है। मौदहापारा थाना क्षेत्र में पुलिस की रूटीन चेकिंग के दौरान चांदी की तस्करी का भंडाफोड़ हुआ। मौदहापारा थाना क्षेत्र में पुलिस रूटीन चेकिंग कर रही थी, तभी एक अशोक ले-लैंड वाहन को तलाशी के लिए रोका गया। पुलिस ने वाहन के कार्टून खोले तो वे देखकर हैरान रह गए, क्योंकि इनमें चांदी की सिल्लियां भरी हुई थीं। वाहन में सवार युवक सन्नी कुमार सिंह चांदी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसके बाद पुलिस ने सभी 51 कार्टूनों को अपने कब्जे में ले लिया। चेकिंग के दौरान इतनी बड़ी मात्रा में चांदी मिलने के बाद पुलिस ने इसकी सूचना जीएसटी विभाग को दी। जीएसटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर 928 किलोग्राम वजन की चांदी को जब्त कर लिया। जब्त चांदी की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जीएसटी टीम अब मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में चांदी कहां से लाई जा रही थी और इसका असली मालिक कौन है। त्योहारों के सीजन में रायपुर में हुई इस बड़ी कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस और जीएसटी की टीम अब इस मामले की जांच में जुटी है।

### मकान से नकदी 1 लाख 35 हजार पार

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** विजय शॉप गली स्टेशन रोड गंज स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 35 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशोर कुमार तामतानी 56 वर्ष विजय शॉप गली स्टेशन रोड गंज का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात महिला ने प्रार्थी के घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 35 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी करने वाली महिला की उम्र करीरब 25 से 30 वर्ष के आसपास बबताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** खमतराई और उरला थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रानीसागर निवासी बेनीराम साहू 64 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएम 3476 को ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में शहीद नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी संजय कुमार साहू 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 डी 9915 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** नहर पुलिया सकरी विधानसभा में अज्ञात वाहन की टक्कर से सायकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नेतराम धीवर 52 ग्राम तुलसी बाराडेरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी सायकिल से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सकरी के नहर पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।**डीडीनगर और विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 65 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरोना ईट भट्ठा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी मुकेश कुमार साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और 330 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम बरौदा में आरोपी दीपक नौरंगे 20 वर्ष व पंचराम वर्मा 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 49 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 260 रुपए जब्त किया है।

### शराब कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** पुलिस ने शराब कोचिया के विरुद्ध कार्यवाही की है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ऋषभ रेजिडेंसी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की मुखबिर सूचना पर रेट कार्रवाई की गई जो कि उक्त आरोपी के कब्जे से 15 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की कीमती 1950 रुपए जप्त की गई उक्त आरोपी का कृत्य 34 आबकारी एक्ट के पाए जाने से आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी आर पोर्ते के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक रायपुर के पर्यवेक्षण थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में शराब कोचिया के विरोध की गई आबकारी एक्ट की कार्रवाई।



रायपुर 6 अक्टूबर। बंगाली कालीबाड़ी समिति ।

# डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में रावण दहन की तैयारियां अंतिम चरण में



**रायपुर 8 अक्टूबर।** प्रदेश के सबसे ऊंचे रावण के पुतले का दहन, हर साल की तरह इस साल भी रायपुर के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी मैदान में होने जा रहा है। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति और नेशनल क्लब की संयुक्त टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। दशहरे के इस भव्य आयोजन में लाखों लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। 53 सालों से चली आ रही इस परंपरा को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रेलवे ट्रैक के पास होने की वजह से उसे बैरिकेडिंग कर सुरक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा, पुलिस बल और फायर सेफ्टी टीमों की भी तैनाती की गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। आयोजकों के अनुसार, हर साल यहां की रावण प्रतिमा की ऊंचाई प्रदेश में सबसे अधिक होती है, और इस बार भी यह परंपरा जारी रहेगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण, मेघनाथ, और कुंभकर्ण के पुतलों का भव्य दहन होगा, जिसके लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# वर्दी साफ नहीं रखने वाले आरक्षकों को एसएसपी संतोष सिंह ने लगाई फटकार

**रायपुर, 8 अक्टूबर।** रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड में एसएसपी संतोष सिंह ने जनरल परेड में सलामी ली परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, दौलत पोर्ते, ममता देवांगन एवं सभी नगर पुलिस अधीक्षक,थाना प्रभारी तथा थानो से बड़ी संख्या में कर्मचारी उक्त जनरल परेड में उपस्थित हुए। निरीक्षण के दौरान आठ अधिकारी कर्मचारीयो को उनके अच्छी वेशभूषा हेतु ईनाम दिया गया तथा कुछ आरक्षक को गणवेष गंदा पाये जाने से उसे सजा दिया गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी और जवानों ने शस्त्र ड्रिल, ट्रैफिक ड्रिल और अन्य अभ्यास किया।इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परेड के दौरान इनको कई को ईनाम और कुछ को सजा दिया गया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को तड़के सुबह पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के लिए रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया जाता है। आज परेड के बाद तनाव प्रबंध की कार्यशाला रखी गई।

### रायपुर में 8 बुलेट चालकों पर लगा 40 हजार का जुर्माना

**रायपुर, 8 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकं पश्चिम दौलत राम पोर्ते, एवं नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आजाद चौक निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा नशा का सेवन कर वाहन चलाते 32 चालको के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर वाहन जप्त कर प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय रायपुर पेश किये जाने पर प्रत्येक चालको पर 10,000-10,000 रूपये का जुर्माना न्यायालय द्वारा कुल 3,20,000 रूपये का किया गया।

अव्यस्क बालक के द्वारा वाहन चलाते पाये जाने पर तीन वाहन चालको के वाहन जप्त किये जाकर धारा 4/181 मोटर व्हीकल एक्ट का प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड माना पेश किये जाने पर कुल 1700 रूपये तथा वाहन स्वामी के खिलाफ धारा 199 क मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय रायपुर पेश किये जाने पर कुल 87,000 रूपये का जुर्माना किया गया।बुलेट मोटर सायकल में कंपनी से लगे साइलेंसर को चेंज कर तेज फ्टाके की तरह आवाज वाले मोडिफाईड साइलेंसर लगाकर बुलेट मोटर सायकल चलाने वाले 8 मोटर सायकल पर धारा 182 क (4) मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर 5000-5000 रूपये कुल 40,000 रूपये का समन शुल्क थाना प्रभारी द्वारा काटा जाकर , साइलेंसर निकलवाया गया।

# राजधानी में आसमान से राहत की बारिश




**रायपुर, 8 अक्टूबर।** लगातार एक सप्ताह तक भीषण गर्मी और उमस झेलने के बाद आज राजधानीवासियों ने राहत की सांस ली है। दोपहर 12 बजे के बाद रायपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी हो रही है। इसके कारण मौसम में बदलाव आया है। गरज-चमक वाले बादल अपने साथ मॉइस्चर को खींचते हैं, जिसके कारण बूंदाबांदी और बारिश होती है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में भीषण गर्मी के बीच सोमवार को राहत की बारिश हुई। सोमवार को सुबह से तेज धूप निकली थी, लेकिन दोपहर 12 के बाद से मौसम ने करवट ली। सुबह 11 बजे तक आसमान में चटक धूप निकला हुआ था। इसके बाद धूप-छांव का खेल शुरू हुआ औ देखते ही देखते आसमान में काले बादल छाने शुरू हो गए। करीब 12 बजे के आसपास तेज ठंडी हवाएं चलने लगी और इसके बाद तेज मेघ गर्जन के साथ जोरदार बौछारें पड़नी शुरू हो गई। इसके बाद बारिश तेज होती गई। मौसम में अचानक आए बदलाव के बीच शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। तेज उमस और गर्मी से लोगों का जीना दुश्वार हो गया था। राजधानी रायपुर में आज हुई बारिश के बाद मौसम काफी सुहावना हो गया है।

### अब बढ़ेगी ठंड, छत्तीसगढ़ से लौट रहा मानसून 15 से राते होंगी सर्द

छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई लगभग हो चुकी है। प्रदेश में कुछ जिलों को छोड़ दें तो अधिकतर हिस्सों में बारिश नहीं हो रही है। हालांकि इस बीच तापमान बढ़ा है और लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं। बंद हो चुके कूलर फिर से शुरू हो गए। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। छत्तीसगढ़ में 15 अक्टूबर से राते सर्द हो जाएंगी। इसके बाद धीरे धीरे तापमान घटेगा और ठंड बढ़ेगी।

मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में मंगलवार से सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष संभाग में बारिश की संभावना कम है। वहीं तापमान की बात करें तो इसके चलते गर्मी और हल्की उमस महसूस हुई। सुकमा और डोंगरगढ़ 36.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को रायपुर समेत कई शहरों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। रायपुर में रविवार को तापमान 35.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। राजधानी में दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। बिलासपुर में दिन का तापमान 33.4 डिग्री रहा जो एक डिग्री अधिक था। वहीं दुर्ग में 32.8 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।



रायपुर 8 अक्टूबर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कचना में निर्माणाधीन फ्लाई-ओवर का किया निरीक्षण। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण कंपनी से काम में प्रगति की जानकारी ली। फ्लाई-ओवर का 50 प्रतिशत काम पूरा, अप्रैल-2025 तक काम पूर्ण करने का लक्ष्य। रेलवे द्वारा ड्राइंग-डिजाइन के अनुमोदन के बाद पटरी के ऊपर वाले हिस्से के भी काम में आएगी तेजी। उप मुख्यमंत्री ने काम में तेजी लाने के दिए निर्देश, गुणवत्ता भी सुनिश्चित करने कहा।

# डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस पर कसा तंज, कहा- पार्टी के अंदर हो रहे हैं आपसी झगड़े, जनता ले रही मजे



**रायपुर 8 अक्टूबर।** कांग्रेस संगठन में बदलाव की चर्चा के बीच उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हालात सबके सामने हैं. पार्टी के अंदर आपसी झगड़े हो रहे हैं, दुर्दशा हो गई है. एक-दूसरे को नीचा दिखाने का काम चल रहा है. प्रदेश की जनता इस स्थिति का मजे ले रही है. इसके साथ ही डिप्टी सीएम साव ने साहू समाज के 137 लोगों पर दर्ज स्नढ्ढक्रसमेत अन्य मुद्दों पर बयान दिया है. साहू समाज के 137 लोगों के खिलाफ दर्ज स्नढ्ढक्र पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्यजनक घटना पर राजनीति करना उचित नहीं है. सरकार ने इस मामले की जांच का निर्णय लिया है, जो रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर करवाई करेगी. सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है. किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, ये स्पष्ट है. इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को दी गई 8 नई सड़कों की सौगात पर कहा कि देश के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 900 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 8 सड़कों को मंजूरी दी है. ष्ट्रक्रस्न के तहत 4 जुलाई को तेरह सौ करोड़ का प्रस्ताव भारत सरकार को दिया गया था और अभी 30 सितंबर को बैठक हुई. मुख्यमंत्री से बात के बाद 8 सड़कों का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा था. बैठक में नितिन गडकरी ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी थी. कल उनका पुनः अनुमोदन हुआ है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है. साव ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के पहल पर जनता को आठ सड़कों का उपहार नवरात्रि के पावन अवसर पर मिला है।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों के आयुष्मान कार्ड बनाने निर्देश

**रायपुर, 8 अक्टूबर ।** रायपुर सम्भाग आयुक्त महादेव कावरे का बागबाहरा निरीक्षण हुआ, जिसमें उन्होंने ग्राम पंचायत टेमरी के पंचायत भवन , सामुदायिक शौचालय , अमृत सरोवर तालाब , पी डी एस भवन , ऑगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके समस्याओं के संबंध में उनसे पूछा । कमिश्नर ने स्थानीय किसानों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पटवारी को निदेश दिया। पीडीएस दुकान में देखने पर स्टॉक को सत्यापित करने, बचे राशनकार्ड धारियों का ई केवाईसी पूरा करने, आंगनबाड़ी में पोषण वाटिका बनाने, अस्पताल भर्ती मरीज़ों के आयुष्मान कार्ड बनाने कमिश्नर ने निर्देश दिया। उन्होंने बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया व वहां भरती हुये मरीज़ो से हालचाल जाना। कमिश्नर ने जन ओषधि केंद्र निरीक्षण में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने बीएमओ को कहा। इस दौरान कमिश्नर के साथ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सी ई ओ एस आलोक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश कुमार साहू , जनपद पंचायत सी ई ओ फ़क़ीरचरण पटेल, बागबाहरा तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल, कोमाखान तहसीलदार हरिश कान्त ध्रुव, अतिरिक्त तहसीलदार बी एस साव उपस्थित थे ।

### टमाटर हुआ और लाल, सब्जियों के दाम भी छू रहे आसमान

**रायपुर, 8 अक्टूबर।** नवरात्रि में सब्जियों के भाव लगातार बढ़ने से लोग परेशान है। टमाटर तो जैसे आंखे तरेर रहा है। पहले से महंगाई की मार अब आम लोगों के लिए सब्जियों के बढ़ते दामों ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। नवरात्रि में सब्जियों के भाव लगातार बढ़ने से लोग परेशान है। टमाटर तो जैसे आंखे तरेर रहा है। पहले से महंगाई की मार अब आम लोगों के लिए सब्जियों के बढ़ते दामों ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। इन दिनों मार्केट में टमाटर 100-110 रूपये किलो तक बिक रहा है। वहीं, ग्राहकों का कहना है कि टमाटर ही एक मात्र ऐसी सब्जी है जिसे गरीब आदमी इसका इस्तेमाल बिना सब्जी के भी खाने में कर लेता था, लेकिन अब इसके दाम बढ़ गए हैं। इससे आम ग्राहकों में खासी मायूसी है। सब्जी के थोक विक्रताओं का कहना है कि इस साल बारिश के कारण टमाटर की खेती खराब हुई है। खेतों में पानी की वजह से टमाटर की फसल बढ़ नहीं पाई।

### वित्तपोषण समाधान प्रदान करने साझेदारी

**रायपुर 8 अक्टूबर।** भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने जापान में सुज़ुकी मोटर कॉरपोरेशन की एक सहायक कंपनी नेक्स्ट भारत वेंचर्स आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया, ताकि समाज में बदलाव लाने पर केंद्रित स्टार्टअप और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसएमई) को उनकी ज़रूरत के अनुरूप कार्यशील पूंजी वित्तपोषण समाधान प्रदान किया जा सके। यह गठजोड़, एमएसएमई को पारंपरिक कोलैटरल के बिना ऋण हासिल करने में मदद करेगा, ताकि वित्तीय बाधाओं को कम किया जा सकेगा और व्यवसाय विकास के लिए आवश्यक पूंजी तक पहुंच को सरल बनाया सके।



### शकुंतला फाउंडेशन ने भजन संध्या आयोजित की

**रायपुर 8 अक्टूबर।** नवरात्रि व वृद्धजन दिवस के पावन अवसर पर शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा बापू की कुटिया कलेक्टर परिसर गार्डन में बुजुर्ग माताओं के लिए भजन संध्या का आयोजन किया । मां की आराधना के पश्चात सुमधुर भजनों की प्रस्तुति विभा सोनी व जनसेवा सदस्यों के द्वारा की गई। भजनों के साथ गरबा और मनोरंजन के लिए खेल भी रखा गया । माताओं का सम्मान भी किया गया सभी माताओं ने संस्था को शुभकामनाएं दी । आयोजन को सफल बनाने में स्मिता सिंह, डॉ अनुश्री पाठक, सुषमा बग्गा, पदमा घोष हासी बैनर्जी अपर्णा, गोविन्द बीना अग्रवाल, माया तिवारी वैभव गुप्ता की रही।

### हरियाणा का नतीजा अप्रत्याशित है, सोचा भी नहीं था: धनेंद्र

**रायपुर 8 अक्टूबर।** हरियाणा विधानसभा के लिए जारी मतगणना के बीच रुझानों में पिछड़ने से कांग्रेस पार्टी को झटका लगा है. इसकी बानगी वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू के बयान में नजर आती है, जिन्होंने इसे अप्रत्याशित बताते हुए कहा कि ऐसा सोचा भी नहीं था. हरियाणा के रुझानों पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि सोचा नहीं था कि ऐसे चुनाव परिणाम आएंगे. उम्मीद कर रहे थे कि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन रही है, लेकिन हरियाणा का परिणाम अप्रत्याशित है. जैसा रुझान रहा एमपी- छत्तीसगढ़ और अब हरियाणा के विधानसभा चुनाव में, सभी जगह एग्जिट पोल में फेल हो रहे हैं. किसी भी एजेंसी के सर्वे में कांग्रेस के पिछड़ने की बात नहीं थी. इसे लेकर प्रश्न चिन्ह उठता है. उन्होंने कहा कि राज्य में किसान, महिला, युवा - सभी सरकार से नाराज़ थे. इन सभी को देखते हुए हमारी पार्टी ने मैनिफ़ेस्टों तैयार किया गया था, इसका फ़ायदा मिलता. जनादेश को स्वीकार करेंगे, लेकिन गिनती पूरी होने तक उम्मीद है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26